सुविचार

सिर्फ उसको अपनी संपत्ति समझो, जिसको तुमने अपने परिश्रम से कमाया हो।

–प्रेमचंद

Daily

THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Friday, 21 March 2025 ● Year : 03 ● Issue : 65 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com

E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Priyanka Chopra Flaunts Belly...

मंईयां योजना के अयोग्य लाभुकों की सूची जारी करेगी सरकार

बीजेपी विधायक नीरा यादव के सवाल का कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने दिया जवाब

भोजन अवकाश से पहले ऊर्जा विभाग में कार्यरत मानव दिवस कर्मियों का उठा मुद्दा

PHOTON NEWS RANCHI :

गुरुवार को झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 14वें दिन मंईयां सम्मान योजना को लेकर फिर चर्चा हुई। बीजेपी विधायक नीरा यादव द्वारा उठाए गए सवाल पर जवाब देते हुए कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि आपके सुझाव पर सरकार विचार करेगी और इसमें आवश्यक सुधार करने का काम करेगी। अयोग्य लाभुकों की सूची कारण बताते हुए सरकार जारी करेगी। दरअसल, नीरा यादव ने अल्पसूचित प्रश्न के जरिए सदन में सवाल किए थे। सवाल किया कि विधानसभा चुनाव 2024 से पहले तीन महीने की राशि पाने वाली लाभुक महिलाओं को बगैर कोई कारण बताए सरकार ने अयोग्य ठहरा दिया। इसके कारण महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने कहा योजना के लाभ के लिए महिलाएं प्रखंड कार्यालय से लेकर विभिन्न कार्यालय में चक्कर लगाती फिर रही हैं। ऐसे में सरकार को शिविर लगाकर कारणों को बताते हुए अयोग्य की सूची जारी करना चाहिए।

भोजन अवकाश से पहले सदन में ऊर्जा विभाग में कार्यरत मानव दिवसकर्मियों को ईपीएफ, ईएसआईसी और उन्हें स्थायी करने का मुद्दा उठा। सरकार की ओर से मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब देते हुए कहा कि सभी मानव दिवसकर्मियों को ईपीएफ और ईएसआईसी और अन्य मुआवजे की सुविधा दी जा रही है। मानव दिवस कर्मी होने की वजह से उन्हें अनुकंपा का लाभ नहीं दिया जाता है।

राइस मिलों पर जयराम के सवालों का मुख्यमंत्री हेमंत ने दिया जवाब

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि धान क्रय की प्रक्रिया एक रोटेशन सिस्टम है। उस हिसाब से उठाव होता है। बिलिंग होती है। कंटीन्यूस प्रोसेस है। कभी-कभी किसी वर्ष अधिक समय लग जाता है। राइस मिल की संख्या बढ़ाई जा रही है। वे सदन में जयराम महतो के सवाल का जवाब दे रहे थे। जयराम महतो ने कहा कि माननीयों का वेतन एकमुश्त आता है और किसानों को किस्तों में राशि दी जाती है। अगर किसानों को समर्थन मूल्य का पैसा देर से मिलता है तो क्या सरकार इसका ब्याज भी देगी। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि धान लेने के समय किसानों को 50 फीसदी राशि देते हैं। उसके बाद 50 फीसदी राशि दी जाती है। एक मुश्त देने से करप्शन बढ़ेगा।

सदन में हो एक्यूरेट प्रश्न : स्पीकर

हेमलाल मुर्मू ने कहा कि टू द प्वाइंट प्रश्न नहीं होने से एक-दो प्रश्न ही हो रहा है। स्पीकर ने कहा कि मैं आपकी बात से सहमत हूं। एक्यूरेट प्रश्न हो। सारे सवालों का मान समान है। सीपी सिंह ने कहा कि सदन में कार्य संचालन नियमावली से चलता है। अल्पसूचित प्रश्न 20 मिनट का और 40 मिनट तारांकित में। समय नहीं मिल पा रहा है। तारांकित प्रश्न को समाप्त कर दिया जाए। इसपर स्पीकर ने कहा कि कभी सदन के सदस्यों की भावना के अनुकूल भी निर्णय लेना पड़ा है। सदन की कार्यवाही के दौरान जमशेदपुर पूर्वी से विधायक पूर्णिमा साहू ने शून्यकाल में सवाल पूछने के लिए महिलाओं को अलग से समय आरक्षित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सदन में मात्र 12 महिलाएं हैं। ऐसे में शून्यकाल में सवाल रखने के लिए महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ती है। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि रात 12 बजे से रात 1 बजे तक सूचना देने का समय है। ऐसे में महिला विधायकों को काफी परेशानी होती है। भोजन अवकाश से पहले सदन में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी द्वारा 74 अरब 70 करोड़ 50 लाख 86 हजार का अनुदान मांग रखा गया।

इफ्तार (शुक्रवार) : 06:02

सेहरी (शनिवार) : 04:33

SHARE

सेंसेक्स	:	76,348.06
निफ्टी	:	23,190.65

SARAFA

सोना	:	8,500
चांदी	:	114.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

कार पर पलटा ट्रक, परिवार के छह सदस्यों की मौत

BIKANER : बुधवार देर रात राजस्थान के देशनोक में एक तेज रफ्तार ट्रक पास चल रही कार पर पलट गया। कार में सवार छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चार भाई शामिल हैं। सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे के बाद करीब आधा घंटे तक पीड़ित ट्रक के नीचे ही दबे रहे।पुलिस के अनुसार करणी मंदिर के पास रेलवे क्रासिंग पर बने पुल पर यह हादसा हुआ। नोखा से बीकानेर की ओर आ रहा ट्रक असंतुलित होकर नोखा की ओर जा रही कार पर पलट गया। कार पूरी तरह से सड़क पर पिचक गई। इस कार में छह लोग थे। हादसे के आधे घंटे बाद तक सभी लोग ट्रक के नीचे दबे रहे।

शंभू बॉर्डर पर यातायात बहाल, किसानों का प्रदर्शन

CHANDIGARH : पंजाब पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों को हिरासत में लेने और विरोध स्थल पर उनकी ओर से बनाए गए अस्थायी ढांचों को ध्वस्त करने के एक दिन बाद गुरुवार को शंभू-अंबाला राजमार्ग पर यातायात एक साल से अधिक समय बाद फिर शुरू हो गया। वहीं हरियाणा पुलिस द्वारा सड़क पर से अवरोधक हटाने के साथ खनौरी बॉर्डर से भी आवाजाही शुरू होने वाली है। प्रशसन द्वारा सड़क पर से अवरोधक हटाने का काम जारी रहा, जबकि नाराज किसानों ने बुधवार शाम प्रदर्शनकारियों पर की गई कार्रवाई के खिलाफ मोगा, तरनतारन, मुक्तसर और फरीदकोट सहित पंजाब में कई स्थानों पर प्रदर्शन किया।

बीजापुर में 26, कांकेर में मिलीं 4 डेड बॉडी, हथियार बरामद

छत्तीसगढ़ में दो मुठभेड़, 30 नक्सली ढेर, 1 जवान शहीद

AGENCY JAGDALPUR :

गुरुवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में सुबह से जारी दो मुठभेड़ों में 30 नक्सली मार गिराए गए। पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। बीजापुर की मुठभेड़ में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान भी शहीद हुआ है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि घटनास्थल से नक्सलियों के शव और कई ऑटोमेटिक हथियार बरामद किए गए हैं। तीसरी घटना में नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। आईजी ने बताया कि ऑपरेशन जारी है। रह-रहकर दोनों तरफ से लगातार फायरिंग हो रही है। सावधानी पूर्वक सर्च अभियान भी चल रहा है। इसके चलते अभी और भी नक्सलियों की लाशें मिल सकती हैं।

नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आकर दो जवान जखमी

एंट्री इलाके में एक दिन पहले पहुंची थी फोर्स

पुलिस को गंगालूर इलाके में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की जानकारी मिली थी। इसके बाद दंतेवाड़ा-बीजापुर बॉर्डर पर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन लॉन्च किया। फोर्स एक दिन पहले एंट्री इलाके में पहुंच गई थी। गुरुवार की सुबह यहां मुठभेड़ हुई। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव और दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने जानकारी दी है कि मुठभेड़ देर रात भी जारी रही। कांकेर और नारियलपुर के सीमावर्ती इलाके में भी मुठभेड़ जारी है। इसमें सुबह 8 बजे से लगातार कई बार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद अब तक कुल 4 माओवादियों की लाशें बरामद हुई हैं। इसके साथ ही ऑटोमेटिक सेमी ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद किए गए थे। आईजी ने बताया कि इस इलाके में भी फायरिंग और सर्च अभियान जारी है।

बीजापुर और दंतेवाड़ा में संयुक्त अभियान

बीजापुर और दंतेवाड़ा के सीमा क्षेत्र में थाना गंगालूर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान चलाया गया। राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सुरक्षा बलों ने संयुक्त रूप से इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। अभियान के दौरान नक्सलियों के ठिकानों को घेरकर मुठभेड़ शुरू हुई, जो घंटों तक चली। इसके बाद भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। बीजापुर और कांकेर में हुई इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। मारे गए नक्सलियों की पहचान की जा रही है और उनके ठिकानों से मिले हथियारों और गोला-बारूद का भी विश्लेषण किया जा रहा है। ऑपरेशन को लेकर राज्य सरकार और पुलिस अधिकारियों ने इसे माओवादी उग्रवाद के खिलाफ एक बड़ी सफलता करार दिया है।

मंईयां सम्मान के लाभ से वंचित लाभुकों को जल्द मिलेगी राशि

एक साथ खातों में जाएंगे तीन महीनों के रुपये

PHOTON NEWS RANCHI :

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की प्रोत्साहन राशि से वंचित लाभुकों को नाराज होने की जरूरत नहीं है। उनके खाते में तीन माह की किस्त यानी 7500 रुपये जल्द जाने वाले हैं। उसके लिए तैयारी की जा चुकी है। विभाग ने जिला स्तर पर पैसे ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू करने को कह दिया है। वैसे तो 18 मार्च को कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने भी सदन में कह दिया था कि अकाउंट के आधार लिंक्ड नहीं होने की वजह से लाभुकों को पैसे ट्रांसफर नहीं हो पाए थे। इसके लिए कैबिनेट से स्वीकृति लेकर पैसे भेजे जाएंगे। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को तीन माह की किस्त 37.55 लाख लाभुकों के खाते में ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। होली से पहले सभी लाभुकों के खाते में 7500 रुपये ट्रांसफर हो गए थे। 19.06 लाख महिलाओं के खाते में राशि नहीं पहुंचने पर सरकार को गंभीर सवालों का सामना करना पड़ा था। विपक्ष बार-बार पूछ रहा था कि 6 जनवरी को 56 लाख 61 हजार 791 महिलाओं को 2500 रुपये के हिसाब से दिसंबर की किस्त दी गई थी। लेकिन, मार्च में 19.06 लाख महिलाओं के खाते में राशि क्यों नहीं गई।

बड़ी संख्या में फर्जी लाभुकों ने उठाया है लाभ

6 जनवरी को 2500 रुपये की बढ़ी हुई राशि ट्रांसफर करने के दौरान विभाग को जानकारी मिली थी कि बड़ी संख्या में वैसे लोग भी इसका लाभ ले रहे हैं जो पात्रता नहीं रखते हैं। गिरिडीह के एक कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन ने खुद कहा था कि बड़ी संख्या में पुरुष भी योजना का लाभ उठा रहे हैं। इसी वजह से प्रखंड और अंचल स्तर पर संदिग्ध खातों की जांच चल रही थी। इसमें बड़ी संख्या में फर्जी लाभुकों के नाम काटे गए हैं। यह प्रक्रिया निरंतर चलेगी। अभी जिनका बैंक खाता आधार से लिंक्ड था, उनको प्रोत्साहन राशि दे दी गई। एक अनुमान के मुताबिक करीब 18 लाख लाभुकों के खाते में जनवरी, फरवरी और मार्च माह की किस्त ट्रांसफर करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। बड़ी संख्या में ऐसी भी लाभुक हैं, जिन्होंने केवाईसी नहीं करवाया है, उनके अकाउंट में पैसे नहीं पहुंचे हैं।

3 दिन बाद हटाया गया कर्फ्यू, 84 अरेस्ट

नागपुर हिंसा : मास्टरमाइंड सहित 6 पर देशद्रोह का केस

AGENCY NAGPUR :

औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर 17 मार्च को नागपुर में हुई हिंसा के मामले में मास्टरमाइंड फहीम सहित 6 आरोपियों के खिलाफ देशद्रोह का केस दर्ज हुआ है। फहीम पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है। पुलिस ने अब तक 84 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के भी 8 कार्यकर्ता शामिल हैं। 19 आरोपियों को 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। वहीं,

तीन दिन बाद हिंसा प्रभावित सभी 9 इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने बुधवार को मामले में बांग्लादेश कनेक्शन मिलने का दावा किया है। साइबर सेल ने अफवाह फैलाने और हिंसा भड़काने के मामले में 34 सोशल मीडिया अकाउंट पर कार्रवाई की है।

मणिपुर में उग्रवादियों के खिलाफ अभियान जारी, कई गिरफ्तार

IMPHAL : मणिपुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियानों में कई उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा गुरुवार को दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों ने केसीपी (सिटी मैतेई) के एक कैडर खुमुकचम इबोमचा सिंह (47) सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया। अन्य दो में युमनाम प्रेमकुमार सिंह (42) और युमनाम आनंदकुमार सिंह (36) शामिल हैं। बरामद सामानों में एक एम-20 पिस्तौल, एक एम-20 मैगजीन, दो एम-20 कारतूस, 34 कारतूस (9 मिमी), पांच कारतूस (7.62 मिमी, एसएलआर), तीन बाओफेंग वायरलेस सेट, एक सेट चार्जर शामिल है। एक अलग अभियान में कुम्बी थाना क्षेत्र से सोरपा कंगलेइपाक के कैडर सलाम ब्रोजन सिंह (47) गिरफ्तार को गिरफ्तार किया।

सुबह से ही बदला हुआ दिखा मौसम का मिजाज, छाए काले बादल

अचानक हुआ अंधेरा, गरज के साथ शुरू हुई बारिश

PHOTON NEWS RANCHI :

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, गुरुवार को सुबह से ही मौसम के मूड में बदलाव दिखने लगा। राजधानी रांची में दिन में ही अंधेरा छा गया शाम 4 बजे के बाद पहले दिन में धीमी और रात में तेज गति से बारिश होने लगी। साथ ही आसमान में काले बादल छाए और तेज गर्जन शुरू हो गई। सड़क पर चल रहे वाहनों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लिए अलर्ट जारी किया था। विभाग ने इन राज्यों में गरज के साथ बारिश, तेज हवाएं और संभवत: ओलावृष्टि की आशंका जताई थी। आईएमडी के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं और एक कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से यह मौसमी बदलाव देखने को मिल रहा है। रांची, जमशेदपुर, हजारीबाग और धनबाद जैसे क्षेत्रों में प्रभाव बने रहने की आशंका है।

सड़कों पर दिन में ही लाइट जलाकर चलाने पड़े वाहन



न्यूनतम तापमान में आएगी गिरावट

आईएमडी के अनुसार, पूर्वी भारत में अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा, लेकिन न्यूनतम तापमान में 4-6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट संभव है। 40-60 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार संभावित। अवधि: प्रभाव 21 मार्च तक रह सकता है। गरज और बारिश के साथ ही 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ इलाकों में बिजली गिरने और ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है। जामताड़ा में सुबह से ही गरज के साथ हल्की बारिश भी शुरू हो गई। सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले, स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को परेशानी जरूर उठानी पड़ी। लेकिन, मौसम के मिजाज बदलने से वातावरण सुहाना हो गया और जो तेज धूप थी उससे लोगों को राहत मिली।

न्यू रिसर्च पेयजल की बढ़ाई जाएगी गुणवत्ता, सेहत को प्रभावित करने वाली धातुएं होंगी अलग

अब जल्द ही पानी में मौजूद विषैली धातुओं से मिलेगी निजात

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK :

प्रदूषित मिट्टी के कारण पानी में कई ऐसी विषैली धातुओं की मौजूदगी रहती है, जो हमारी सेहत को बुरी तरह प्रभावित करती हैं। ऐसी धातुओं की पहचान और पानी से इन्हें अलग करने की प्रक्रिया पर लंबे समय से रिसर्च चल रहा था। हाल में हुए रिसर्च से यह जानकारी सामने आई है कि एक अत्यंत सरल विधि के माध्यम से अब पानी में मौजूद विषैली धातुओं की पहचान कर इन्हें अलग किया जा सकता है और पीने के पानी की क्वालिटी बढ़ाई जा सकती है। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यानी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे और ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने पानी में जहरीली भारी धातुओं का पता लगाने के लिए एक सस्ता व प्रभावी सेंसर डेवलप किया है। यह सेंसर तांबा आधारित मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क (एमओएफ) तकनीक पर बना है। इससे पानी में सूक्ष्म मात्रा में मौजूद सीसा (लेड), कैडमियम और पारा (मर्करी) जैसी खतरनाक धातुओं की चंद सेकंड में पहचान हो सकती है।

आईआईटी बॉम्बे और ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने खोजी विधि

तांबा आधारित मेटल-ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क तकनीक पर बनाया गया है स्पेशल सेंसर

त्वचा, हड्डियों, मस्तिष्क व अन्य अंगों को नुकसान पहुंचाते हैं हेवी मेटल

चंद सेकेंड में जल में मौजूद सीसा, पारा और कैडमियम का लग जाएगा पता

नए विशेष सेंसर के माध्यम से शरीर में रोग उत्पन्न करने वाली स्थिति से होगा बचाव

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर क्वालिटी की आसानी से की जा सकेगी निगरानी

जल प्रदूषण के नियंत्रण में भी मिलेगी मदद

रिसर्च पेपर के पहले लेखक प्रशांत कन्नन ने बताया, इस एमओएफ में दो तांबे के परमाणु टीसीपीपी अणु से जुड़कर 'पैडल-व्हील' संरचना बनाते हैं। भारी धातुएं इस संरचना में तांबे की जगह लेकर सेंसर को सक्रिय कर देती हैं, जिससे उनकी मौजूदगी का संकेत मिल जाता है। वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है कि यह सस्ता व पोर्टेबल सेंसर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता की निगरानी में क्रांति ला सकता है। इस तकनीक का इस्तेमाल औद्योगिक कचरे की निगरानी और पेयजल स्रोतों की सुरक्षा में भी किया जा सकेगा। पर्यावरणविदों ने इस खोज को भारत में जल प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।

पारंपरिक सेंसर से अधिक संवेदनशील

यह उल्लेखनीय है कि भारी धातुएं पानी में मिलने पर लंबे समय तक बनी रहती हैं। जीवों के शरीर में जमा होकर गंभीर बीमारियों का कारण बनती हैं। इनके संपर्क में आने से त्वचा, हड्डियों, मस्तिष्क व अन्य अंगों को नुकसान पहुंचता है, खासकर बच्चों के लिए यह घातक है। शोधकर्ताओं ने तांबे और कार्बनिक यौगिक टेट्राकिस पोर्फिरिन से कॉपर-टेट्रा कार्बोक्सीफेनिल पोर्फिरिन नामक एमओएफ बनाया, जो पारंपरिक सेंसर के मुकाबले 10 गुना अधिक संवेदनशील है।

इजरायल ने एक बार फिर गाजा में उतारे टैंक, शुरू कर दिए ग्राउंड अटैक

NEW DELHI : इजरायल ने गाजा में एक बार फिर से टैंक उतारकर जमीनी हमले शुरू कर दिए हैं। इजरायली डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के अनुसार, उसने गाजा पट्टी के सेंट्रल और साउथ के हिस्सों में ग्राउंड ऑपरेशन चालू किया हैं। आईडीएफ के इस ग्राउंड ऑपरेशन का मकसद नॉर्थ और साउथ गाजा के बीच एक बफर जोन बनाना और इजरायल बॉर्डर से लगे सिक्योरिटी जोन का विस्तार करना है। नॉर्थ और साउथ गाजा को अलग करने वाले नेतजारिम कॉरिडोर में आईडीएफ की 252वीं डिविजन के सैनिक दाखिल हो गए हैं। इसके आधे से ज्यादा इलाके पर सेना ने कब्जा भी कर लिया है। दूसरी तरफ रक्षा मंत्री काट्ज ने बंधकों को नहीं लौटाने पर हमास को पूरी तरह बर्बाद करने की धमकी दी है। बुधवार की रात यरूशलम में नेतन्याहू के खिलाफ हजारों लोग सड़क पर प्रदर्शन करने उतरे और जमकर प्रदर्शन किया।

सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने दी मंजूरी

आर्मी के लिए स्वदेशी आर्टिलरी गन सिस्टम खरीदने का रास्ता साफ

AGENCY NEW DELHI :

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने भारतीय सेना के लिए स्वदेशी उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) हासिल करने के लिए करीब 7000 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदा 307 हॉवित्जर के लिए है, जिनकी मारक क्षमता 45-48 किलोमीटर तक है। इस सौदे में सेना की 15 आर्टिलरी रेजिमेंटों को हथियार पहुंचाने वाले 327 गन टोइंग वाहन भी शामिल हैं। इस अनुबंध पर अगले सप्ताह सौदे पर हस्ताक्षर होने की संभावना है, जिससे भारीभरकम हॉवित्जर के निर्माण में घरेलू क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।

- अगले सप्ताह सौदा होने की संभावना, हॉवित्जर के निर्माण में घरेलू क्षमता को मिलेगा बढ़ावा मिलेगा
- सौदे में 15 आर्टिलरी रेजिमेंटों को हथियार पहुंचाने वाले 327 गन टोइंग वाहन भी शामिल
- 50 किलोमीटर की दूरी तक लक्ष्य को भेदने में सक्षम

BRIEF NEWS

सुदीप गुड़िया ने उठाया आईटीआई पढ़ाई का मामला

KHUNTI : तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने गुरुवार को विधानसभा में तोरपा विधानसभा क्षेत्र के तोरपा और बानो प्रखंड में

आईटीआई की पढ़ाई शुरू करने की मांग सदन के माध्यम से की। विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विधायक ने मामला उठाते हुए कहा कि तोरपा तोरपा प्रखंड के चन्द्रपुर (डोड़मा) और बानो प्रखंड के समडेगा में आईटीआई भवन बनकर तैयार है, लेकिन अभी तक वहां पढ़ाई शुरू नहीं की गई है। इसके कारण क्षेत्र के छात्र प्रशिक्षण लेने के लिए दूर-दराज के केन्द्रों में जाने के लिए बाध्य हैं। उन्होंने कहा, मैं सदन के माध्यम से मांग करता हूं कि दोनों केन्द्रों में यथाशीघ्र पढ़ाई शुरू की जाए।

स्टेट चैंपियनशिप में भाग लेंगे खूंटी के छह बॉक्सर

KHUNTI : जमशेदपुर में रविवार से शुरू हो रही 18वीं झारखण्ड स्टेट यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भाग लेने खूंटी जिले की टीम गुरुवार को जमशेदपुर रवाना हुई। टीम में बॉक्सर निखिल नाग, सुमित भेंगरा, हिमांशु विवेक तिडू, मो इंतेखाब अंसारी, सुमित नाग, रघु तन्मय पाहन शामिल हैं। टीम मैनेजर गोडविन तोपनो और कोच शुभम तिवारी भी खिलाड़ियों के साथ गए हैं। प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च तक होगी।

पलामू के पूर्व सीओ के खिलाफ पीआईएल

PALAMU : पलामू जिले के सदर अंचल के पूर्व अंचलाधिकारी झुन्नू

मिश्रा के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया निवासी समाजिक कार्यकर्ता प्रेम प्रकाश ठाकुर ने झुन्नू मिश्रा के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर किया है। प्रेम प्रकाश के अनुसार झुन्नू मिश्रा ने सदर अंचल में रहते अनेकों गड़बड़ियां की हैं, जैसे विवादित जमीन का पैसा लेकर रसीद काटना, एलपीएस, म्यूटेशन को पहले रिजेक्ट करना फिर मोटी रकम लेकर एक्सेप्ट करना, जबकि नियम यह कहता है कि रिजेक्ट किए हुए फाइल को वरीय पदाधिकारी के आदेश के बाद ही एक्सेप्ट करना है।

केबीपी माइनिंग के लिए 30 एकड़ जमीन चिह्नित

RAMGARH : जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र अंतर्गत कोतरे बसंतपुर पचमो (केबीपी) परियोजना के लिए अधिकारियों ने जमीन चिन्हित की है। इस क्षेत्र में वैसी सरकारी जमीन जो ग्रामीणों के कब्जे में है और उसकी जमाबंदी चल रही है। उसके लिए स्टेटमेंट-6 तैयार किया गया है। अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, एलआरडीसी दीप्ति कुजूर की मौजूदगी में जमीन चिन्हित करने का कार्य किया गया है। प्रथम चरण में 30 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने बताया कि केबीपीएमएल कंपनी इस क्षेत्र में माइनिंग का कार्य शुरू करने जा रही है। उन्हें लगभग 1100 हेक्टेयर जमीन में अपना काम करना है।

बीसी सेंटर के संचालक से लूट मामले में एक और आरोपी किया गया गिरफ्तार

दो हथियार, मोबाइल फोन व लूट का पैसा भी हुआ बरामद

AGENCY LOHARDAGA : कुडू थाना क्षेत्र के सिंजो चौक में संचालित बीसी सेंटर संचालक से लूटपाट मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को लोहरदगा जेल भेज दिया है। कुडू थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने बताया कि पिछले 10 मार्च को बीसी सेंटर के संचालक सिंजो बारडीह गांव निवासी चांद खान से दो बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने 60 हजार नगद तथा अन्य कागजात लूटकर फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लूट के पांच घंटे के भीतर दो अपराधियों शमीम खान तथा फरहान अंसारी को लूटपाट में प्रयुक्त बाइक के

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते एसपी हारिश बिन जमां ● फोटोन न्यूज

साथ गिरफ्तार किया था। साथ ही लुटे गए राशि में चार हजार नगद बरामद किया गया था। पकड़े गए आरोपियों ने घटना में शामिल अन्य अपराधियों की जानकारी दी गई। गठित टीम ने रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र के बड़हेईया गांव में छापामारी करते हुए अशोक यादव के पुत्र रौशन कुमार को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि रौशन कुमार मुल रूप से बिहार के पटना जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के महुली गांव का रहने वाला है। वर्तमान में रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र के बड़हेईया गांव का निवासी है। पकड़े गए आरोपी के पास लुट का 490 रुपए,दो देशी कट्टा,दो कारतूस, लूट का एक मोबाइल फोन तथा एक अन्य फोन तथा अन्य सामान बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपी पर चान्हो थाना में पूर्व से एक मामला दर्ज है। पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने बताया कि बीसी सेंटर संचालक से लूटपाट मामले में तीन आरोपी पकड़े गए हैं।

साथ ही लूट का लगभग चार हजार पांच सौ रुपये, दो हथियार, एक बाइक, लूट का एक मोबाइल सहित तीन मोबाइल फोन जब्त किया गया है। फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापामारी कर रही है।

गिरिडीह : किराना स्टोर डकैती मामले में दो अपराधी किए गए गिरफ्तार

मामले की जानकारी देते एसपी डॉ. विमल कुमार ● फोटोन न्यूज

GIRIDIH : हथियार के बल पर शुभम किराना स्टोर के संचालक मनोज साहू के दुकान और घर में हुई लूटपाट मामले में संलिप्त दो अपराधियों को गिरिडीह के जमुआ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी डॉ. विमल कुमार एवं जमुआ थाना मणिकांत ने गुरुवार को एक प्रेसवार्ता कर बताया कि गिरफ्तार अपराधी गंगाधर पासवान बिहार के जमुई के सिमुल्तल्ला थाना इलाके के लाहबान गांव का रहने वाला है, उसका साथी निक्कू पासवान भी जमुई के चन्द्रमण्डी छोटकीठाडी का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि मनोज साहू के घर से 8 लाख नगद समेत जेवर की लूट हुई थी। पुलिस ने 18 हजार नगद के साथ जेवर वजन करने वाला तराजू समेत तीन बाइक और एक लोहे का राड बरामद किया है। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमुआ रेलवे स्टेशन के समीप शुभम किराना स्टोर के मालिक मनोज साहू के दुकान और घर में डकैती कि घटना को अंजाम दिया था। गिरफ्तार अपराधी गंगाधर पासवान के खिलाफ जमुई के अलग-अलग थानों में डकैती के कई केस दर्ज हैं।

निर्माणाधीन मकान से कर रहे थे साइबर ठगी, सात अपराधी धराए, भेजे गए जेल

32 एंड्रायड फोन, 7 आईफोन, 36 सिमकार्ड व पांच बाइक भी जब्त

PHOTON NEWS JAMTARA : नारायणपुर थाना क्षेत्र के बांसपहाड़ी में एक निर्माणाधीन भवन से साइबर ठगी को अंजाम दे रहे सात युवकों को साइबर थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सभी बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र और कर्नाटक के लोगों को गूगल में विभिन्न ई-कामर्स कंपनियों, ई-पेमेंट कंपनियों, उपभोक्ता सामग्री कंपनियों के कस्टमर केयर नंबर के रूप में अपना फर्जी मोबाइल नंबर डालकर उपभोक्ताओं को कॉल कर उन्हें समस्याओं का निपटारा करने के नाम पर ठग रहे थे। एसपी एहतेशाम वकारिब ने गुरुवार को साइबर थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सूचना मिली थी कि

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते एसपी एहतेशाम वकारिब ● फोटोन न्यूज

साइबर अपराध के मामले में 14वें स्थान पर जामताड़ा

एसपी ने बताया कि जामताड़ा जहां पहले स्थान पर साइबर ठगी मामले में था, वह मिथक टूटा है। एनसीपीआर के डाटा के अनुसार जामताड़ा टॉप-10 से बाहर आ गया है। अभी 14वें स्थान पर है। यह साइबर टीम के लिए सुखद बात है। साइबर टीम का प्रयास है कि जामताड़ा को इस सूची से भी बाहर लाया जाए। इसके लिए लोगों को जागरूक करना है। सभी सहयोग करें।

नारायणपुर के जंगल में साइबर ठगी को अंजाम दिया जा रहा है। इसी आधार पर थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो के नेतृत्व में वैभव सिंह, स्टेनली हेंब्रम एवं अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल करते बांसपहाड़ी स्थित निमार्णाधीन मकान में छापेमारी की गई। यहां से साइबर ठगी करते लोकनिया निवासी 27 वर्षीय भरत दे, मुगियामारनी निवासी 20 वर्षीय असरफ अंसारी, 26 वर्षीय रहमत अंसारी, 25 वर्षीय जुबैर अंसारी, पहाड़पुर निवासी 24 वर्षीय सफाकत अंसारी, झिलुआ निवासी 20 वर्षीय) विजय कुमार मंडल व लटैया निवासी 19 वर्षीय अशोक मंडल को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में इनके विरुद्ध जामताड़ा साइबर अपराध थाने में आईटी एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। इन लोगों के पास से 32 एंड्रायड फोन, 7 आईफोन, 37मोबाइल सिम, पांच मोटरसाइकिल जब्त किया गया है।

जंगल से अधेड़ व्यक्ति का शव हुआ बरामद

CHATRA : राजपुर पुलिस ने गुरुवार को थाना क्षेत्र के पथेल जंगल से एक अधेड़ व्यक्ति का लावारिस हालत में शव बरामद किया है। शव की पहचान बिहार के बाराचट्टी थाना क्षेत्र के विहगी गांव निवासी हरिहर सिंह भोक्ता 55 वर्ष के रूप में हुई है। बरामद की गई शव पूरी तरह गल चुका है और शव से काफी दुर्गंध आ रही है। गौरतलब है कि पथेल गांव के कुछ ग्रामीण नदी में मछली मारने गए गए थे। मछली पकड़ते कुछ दूर सुनसान जगह पर पहुंचे जहां एक झाड़ी में आदमी का शव देखा गया। जिससे बदबू आ रही थी। शव देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना राजपुर पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही राजपुर थाना प्रभारी पुलिस जवानों के साथ पथेल गांव स्थित पीओ पर पहुंचे। जहां पूरी तरह जांच पड़ताल कर शव को अपने कब्जे में लेकर राजपुर थाना लाया गया। गुरुवार को थाना प्रभारी ने पोस्मार्टम हेतु चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। जहां से शव को हजारीबाग सदर अस्पताल लाकर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से अर्धविक्षिप्त था और उसके गले में रस्सी बांधी हुई मिली। प्रथमदृष्टया मृतक स्वयं गले में रस्सी बांधकर आत्महत्या कर ली है। फिलहाल यूडी का मामला दर्ज करने की तैयारी चल रही है।

एफआरए, भूअर्जन तथा परियोजनाओं की डीसी ने की समीक्षा

जिले की सभी परियोजनाओं में आ रही अड़चनों को दूर करें अधिकारी : डीसी

AGENCY RAMGARH : रामगढ़ जिले में आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने की। भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान डीसी ने कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक को संबोधित करते डीसी चंदन कुमार ● फोटोन न्यूज

सीसीएल पीवीयूएनएल के कार्यों का जल्द हो निपटारा

बैठक के दौरान डीसी ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके-उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों की जानकारी ली। उन्होंने सभी मामलों पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया।

परियोजना की समस्याओं से अवगत कराते रहें अधिकारी

समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

उलिहातु से आरंभ हुई कांग्रेस की स्वराज यात्रा

KHUNTI : झारखंड प्रदेश राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के तत्वावधान में गुरुर को कांग्रेस की स्वराज यात्रा शुरू हुई। भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली खूंटी जिले के अड़की प्रखंड स्थित उलिहातु गांव में यात्रा की शुरूआत प्रदेश कांग्रेस के चेयरमैन सुनीत शर्मा के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की व रविंद्र सिंह भी उपस्थित थे। यह यात्रा 22 मार्च को बापू वाटिका, मोहरावादी मैदान, रांची पहुंच कर संपन्न होगी। इस पदयात्रा में पंचायती राज संगठन, पूर्वी सिंहभूम के चेयरमैन पवन कुमार बबलू, सतीश पाल, मुंजनी, शांतनु मिश्र व अनुप्रिया सोय भी शामिल हुए।

नक्सलियों ने कोल डिपो में पोकलेन मशीन को लगाई आग, अफरातफरी

AGENCY HAZARIBAG : रामगढ़-हजारीबाग सीमावर्ती इलाके में नक्सलियों ने एक बार फिर उत्पात मचाया है। उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू बिरसा कोल डिपो में फायरिंग और आगजनी की घटना को अंजाम टीपीसी नक्सली संगठन के सदस्यों ने दिया है।

बुधवार की देर रात हथियार से लैस पहुंचे उग्रवादियों ने पहले पांच राउंड फायरिंग की। इस बीच कोल डिपो में लगे एक जेसीबी मशीन को जला दिया। वहीं दो जेसीबी मशीन सहित तीन हाइवा का शीशा तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया है।

उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग में एक सीसीएल कर्मी संतोष मुंडा के पैर में गोली लगी है।

घटनास्थल पर जुटे लोग व जलती पोकलेन ● फोटोन न्यूज

पुलिस के पहुंचते ही भाग गए नक्सली

उरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार राम ने बताया कि घटनास्थल पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंचते ही उग्रवादी घटनास्थल से भाग निकले। इसके बाद आग को बुझाने का काम किया गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर रांची जिला हिंदेगीर छापर से कुल दस लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है। घटना की सूचना मिलते ही झामुमो केंद्रीय सचिव सह विस्थापितों के नेता सोनाराम मांझी घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया और घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की गई है। उरीमारी क्षेत्र में लगातार बढ़ती अपराधिक घटनाओं के बाद पुलिस को चुनौती बन गई जिसे लेकर पुलिस अब पूरी तरह से सक्रिय हो गई है।

बिजली के खंभे भी गिरे, डीआरएम ऑफिस में बाल-बाल बचे रेलकर्मी व अधिकारी, कार-बाइक हुए क्षतिग्रस्त, बिजली गुल

आंधी-पानी ने मचाई तबाही, चक्रधरपुर-चाईबासा एनएच पर गिरा विशाल पेड़, जाम

PHOTON NEWS CKP : गुरुवार शाम को आई तेज आंधी व बारिश के साथ ओलावृष्टि ने पूरे कोल्हान में भारी तबाही मचाई। बोड़दा पुल के पास विशाल पेड़ गिरने से चाईबासा-चक्रधरपुर एनएच-75ई पर शाम छह बजे से जाम लग गया है। इससे क्षेत्र के कई इलाकों में कई पेड़ गिरने की सूचना है। बिजली गुल होने से पूरा चक्रधरपुर ब्लैकआउट हो गया। चक्रधरपुर स्थित रेल मंडल मुख्यालय परिसर में भी एक विशाल पेड़ गिरने से दो कार समेत स्कूटी और बाइक क्षतिग्रस्त हो गए। इस हादसे में चक्रधरपुर रेल मंडल के टीआरडी विभाग में पदस्थापित रेलवे अधिकारी संजय कुमार की कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ गिरने की घटना में डीआरएम कार्यालय परिसर में मौजूद रेलकर्मी और

सड़क पर गिरा बिजली का खंभा, डीआरएम ऑफिस की पार्किंग में गिरा पेड़ ● फोटोन न्यूज

अधिकारी भी बाल-बाल बच गए। शाम को काम खत्म कर सभी लोग कार्यालय से बाहर निकल रहे थे। गनीमत रही की पेड़ की चपेट में कोई नहीं आया। अगर पेड़ किसी के ऊपर गिरता तो जान-माल का काफी नुकसान हो सकता था। इस घटना के बाद किसी तरह लोगों ने अपनी बाइक और स्कूटी निकाली और अपने घर गए। लेकिन, पेड़ के नीचे दबी कार को निकाला नहीं जा सका। रेल अधिकारियों ने बताया कि वह काम पूरा कर अपनी कार की तरफ बढ़ ही रहे थे कि तभी अचानक तेज हवा में उसके सामने विशाल पेड़ गिर गया और पेड़ सीधे उनकी कार पर जा गिरा। कार के ऊपर पेड़ के गिरते ही उनकी कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। अगर पेड़ गिरने की यह घटना 1 मिनट बाद होती तो यह उनकी जान के लिए भी खतरा हो सकता था। इस घटना के बाद धराशाई हुए विशाल पेड़ को काटकर मौके से हटाने की कार्रवाई रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा की जा रही है। कार को निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

सिर्फ यही नहीं तेज हवा और बारिश में चक्रधरपुर के कई इलाकों में पेड़ गिरने से बिजली के खंभे भी धराशाई हो गए हैं, जिसके बाद शाम से ही पूरे चक्रधरपुर व चाईबासा में ब्लैकआउट की स्थिति उत्पन्न हो गई। चक्रधरपुर में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद कर दी गई। वहीं बिजली विभाग के कर्मचारी धराशाई हुए खंभों और बिजली के तारों की मरम्मत में जुट गए है। बिजली मरम्मत का यह कार्य कब तक पूरा होगा और कब तक लोगों के घरों में को बिजली आपूर्ति की जाएगी, इसका कोई आकलन नहीं किया जा रहा है। पूरा इलाका अंधेरे में डूब गया है। इस दौरान लोगों को सड़कों पर आवागमन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरों में बिजली नहीं रहने से भी लोग काफी परेशान रहे। हालांकि बारिश से लोगों को गर्मी से निजात भी मिली है।

श्याम महोत्सव का पंडाल गिरा, कई घायल

CHAIBASA : चाईबासा के गांधी टोला में गुरुवार की शाम आंधी से श्याम महोत्सव का पंडाल गिर गया। उस दौरान वहां आरती चल रही थी, जिससे पंडाल के अंदर मौजूद सैकड़ों श्रद्धालु दब गए। पंडाल गिरते ही चीख-पुकार और अफरातफरी मच गई। किसी तरह घायलों को बाहर निकाला गया और उन्हें नजदीक के अस्पताल भेजा गाया। कई लोगों को गंभीर चोट लगी है।

कस्तूरबा विद्यालय में लगी आग रसोइया व दो छात्राएं झुलसीं

अस्पताल में इलाजरत रसोइया व छात्राएं ● फोटोन न्यूज

SIMDEGA : सिमडेगा जिले के कोलेबिरा प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गुरुवार को गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में लगी पाइप के खुल जाने से हादसा हो गया। हालांकि आग पर तुरंत काबू पा लिया गया, लेकिन इस घटना में रसोइया और दो छात्राएं झुलस गईं।

जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 6 बजे रसोइया किरण कुमारी खाना बना रही थी। खाना बनाने के क्रम में गैस सिलेंडर का पाइप खुल जाने के कारण गैस का रिसाव होने लगा, जिससे चूल्हे की आग भड़क उठी। पहले रसोइया ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, जिससे वह झुलस गई। उसे देख 11वीं की छात्रा ऐश्वर्या सिंह और छात्रा आरती कुमारी भी रसोइया को बचाने के क्रम में झुलस गई। हालांकि उन्होंने हिम्मत नहीं हारते हुए अंततः गैस सिलेंडर को कंबल को पानी में डुबोकर ढंकने का प्रयास किया, जिससे काफी मशक्कत के बाद आग बुझ गई और बड़ा हादसा होते-होते टल गया।

प्रत्यर्पण के लिए मिल चुकी है मंजूरी, लाने के लिए जाएंगे एटीएस एसपी, फिलहाल बाकू स्थित एक जेल में है बंद

अजरबैजान से जल्द भारत लाया जाएगा कुख्यात अपराधी मयंक सिंह

PHOTON NEWS RANCHI :

झारखंड पुलिस का मोस्ट वांटेड अपराधी मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा अब जल्द ही अजरबैजान से भारत लाया जाएगा। प्रत्यर्पण संधि के अनुसार, अजरबैजान की सरकार ने उसके प्रत्यार्पण को मंजूरी दे दी है। मयंक फिलहाल अजरबैजान के बाकू जेल में बंद है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय एजेंसियों की सहायता से झारखंड पुलिस ने यह कामयाबी पाई है। डीजीपी ने कहा कि झारखंड एटीएस द्वारा केंद्रीय एजेंसियों और इंटरपोल के माध्यम से पुख्ता दस्तावेजों और सबूत के आधार पर अजरबैजान की बाकू की उच्च अदालत ने भी मयंक सिंह को कुख्यात अपराधी स्वीकार करते हुए उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। इससे पहले झारखंड एटीएस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी थी, जब बाकू की निचली अदालत द्वारा मयंक सिंह के प्रत्यर्पण को हरी झंडी दी गई थी।

डीजीपी बोले- केंद्रीय एजेंसियों की सहायता से झारखंड पुलिस को मिली कामयाबी

बाकू की उच्च अदालत ने मयंक को माना बड़ा क्रिमिनल, प्रत्यर्पण की दी इजाजत

टीम को भेजने के लिए झारखंड सरकार से लेनी है अनुमति

अजरबैजान के कानून के अनुसार मयंक सिंह को ऊपरी अदालत में अपील करने का मौका भी दिया गया था, लेकिन उच्च अदालत ने भी निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। फिलहाल मयंक सिंह अजरबैजान की राजधानी के बाकू स्थित एक जेल में बंद है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि झारखंड एटीएस के एसपी के नेतृत्व में झारखंड पुलिस की एक टीम जल्द ही अजरबैजान जाएगी। और फिर उसे भारत लाकर अदालत में पेश कर उसे सजा दिलाया जाएगा। डीजीपी ने बताया की एटीएस की टीम को अजरबैजान भेजने के लिए झारखंड सरकार से अनुमति लेनी है। उसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अनुमति प्राप्त होते ही एटीएस की टीम अजरबैजान के लिए निकल जाएगी।

मयंक सिंह

राजस्थान का रहने वाला है मयंक

कुख्यात गैंगस्टर रहे अमन साव और इंटरनेशनल गैंगस्टर बन चुके लारेंस के बेहद खास मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा झारखंड का ऐसा पहला अपराधी होगा, जिसकी गिरफ्तारी विदेश से हुई और अब उसे बाकू से प्रत्यर्पित कर भारत लाया जाएगा। राजस्थान का रहने वाला मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा बेहद कुख्यात अपराधी है।

अजरबैजान से है भारत की प्रत्यर्पण संधि

उल्लेखनीय है कि अजरबैजान देश के साथ भारत की प्रत्यर्पण संधि पहले से है। इसका फायदा मयंक सिंह के केस में मिला है। डीजीपी ने बताया कि विदेश में बैठकर झारखंड में आतंक मचा रहे अपराधियों के खिलाफ यह बड़ी सफलता है। ऐसे हर अपराधी को भारत लाकर उन्हें अदालत से सजा दिलाई जाएगी, जिसमे प्रिंस खान भी शामिल है।

एक साल पहले हुई असली पहचान

सच्चाई यह है कि पिछले साल तक झारखंड पुलिस के लिए मयंक एक पहेली बना हुआ था। एटीएस की जांच में यह बात सामने आई कि इंटरनेट कॉल के जरिए झारखंड के कारोबारियो को दहशत में डालने वाला मयंक सिंह असल में सुनील कुमार मीणा है। झारखंड में शायद ही कोई ऐसा कारोबारी हो, जिसे मयंक ने इंटरनेट कॉल पर धमकी न दी हो। मयंक उर्फ सुनील मीना के खिलाफ एटीएस थाने सहित झारखंड के एक दर्जन थानों में दर्जनों मामले दर्ज है। मयंक के बारे में फूल फ्रूफ जानकारी मिलने के बाद झारखंड एटीएस की एक टीम राजस्थान के अनूपगढ़ जिले के नई मंडी थाना क्षेत्र के जीडीए पुरानी मंडी घड़साना स्थित मीना के घर डुगडुगी बजा कर इश्तिहार भी चस्पा किया था। एटीएस ने नई मंडी थाना की मदद से सुनील मीना उर्फ मयंक सिंह के कई चल-अचल संपत्ति का भी पता लगाया है। एटीएस ने मयंक उर्फ सुनील मीणा के खिलाफ राजस्थान में कुर्की जब्ती भी की है। जैसे ही मयंक की पहचान हुई फौरन उसे खिलाफ आगे की कार्रवाई झारखंड एटीएस ने शुरू कर दी।

गैंगस्टर अमन का भी खुलेगा राज

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि मयंक को भारत लाने से न सिर्फ झारखंड पुलिस बल्कि राज्य के कई अन्य पुलिस को भी काफी फायदा मिलेगा। गैंगस्टर अमन साव (अब मृत) के फाइनेंशियल नेटवर्क के साथ-साथ पूरे हथियार नेटवर्क को मयंक ही संभालता था। मयंक से पूछताछ के बाद जो कार्रवाई होगी। उसमें अमन साव के हथियार और फाइनेंशियल नेटवर्क दोनों को ध्वस्त करने में सहायता मिलेगी। पिछले पांच साल तक झारखंड पुलिस को यही पता नही था की मयंक सिंह कौन है। एटीएस की टीम ने अथक प्रयास के बाद यह पता लगाया कि मयंक सिंह असल में सुनील मीणा है, जो राजस्थान का रहने वाला है। विदेश में रहकर झारखंड में आपराधिक गतिविधियों का संचालन कर रहा है। इसके बाद उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया और वह

रेड कॉर्नर नोटिस के कारण ही अजरबैजान में पकड़ा गया। बताया जाता है कि मयंक सिंह उर्फ सुनील मीणा कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस के बचपन का दोस्त है। अपराध की दुनिया में लॉरेंस और मयंक ने एक साथ कदम रखा था। अपराध के कई मामलों में मयंक जेल भी जा चुका है। पिछले 2 साल वह मलेशिया में बैठकर लारेंस के कहने पर झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर रहे अमन साव के साथ काम कर रहा था।

BRIEF NEWS

अब 23 को होगा इंटर स्कूल-कॉलेज कराटे चैंपियनशिप का आयोजन

RANCHI : 22 मार्च को रांची के संत जोसेफ क्लब में होने वाली इमा कप झारखंड इंटर स्कूल-कॉलेज कराटे चैंपियनशिप अब 23 मार्च को होगी। 22 मार्च को रांची बंद बुलाए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है। कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा अन्य राज्य के भी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इस वजह से प्रतियोगिता को 22 मार्च के स्थान पर 23 मार्च को आयोजित किया जाएगा। 23 मार्च को खिलाड़ी सुबह 8 बजे रिपोर्ट करेंगे। 8.30 से प्रतियोगिता प्रारंभ होगी। 11.30 बजे कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा।

कर्मचारियों को वैकल्पिक व्यवस्था के बिना ही सरकार ने छोड़ दिया : अजय शाह

RANCHI : झारखंड सरकार के कर्मचारियों के लिए लागू की गई स्वास्थ्य बीमा योजना पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने हमला बोला। उन्होंने इस योजना को कई खामियों से भरा हुआ बताया। साथ ही कहा कि इससे राज्य के सरकारी कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। अजय साह ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि योजना को लागू करने से पहले ही पुरानी मेडिकल रीइंबर्समेंट योजना को खत्म कर दिया गया। इससे कर्मचारियों को वैकल्पिक व्यवस्था के बिना ही छोड़ दिया गया है, जो सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। अजय साह ने बताया कि योजना के तहत कर्मचारियों को हेल्थ कार्ड बनवाना अनिवार्य है।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का फेसबुक पेज हैक

RANCHI : नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का फेसबुक पेज हैक हो गया है। इस खबर के बाद राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है। गुरुवार की दोपहर उनके आधिकारिक पेज से अश्लील और आपत्तिजनक पोस्ट शेयर किये गये, जिसे देखकर उनके समर्थक और आम लोग हैरान रह गये। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू और उनकी टीम को जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली, उन्होंने तुरंत फेसबुक पेज को रिकवर करने की कोशिश शुरू कर दी।

अस्पताल के पूरे कैंपस और विभागों के वार्डों में पसरी रही गंदगी

रिम्स में सफाईकर्मियों ने की हड़ताल एजेंसी पर केस दर्ज कराएगा प्रबंधन

PHOTON NEWS RANCHI :

गुरुवार को राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में सफाईकर्मियों ने पेमेंट न मिलने के कारण हड़ताल कर दी। उनका कहना था कि पिछले 5 महीने से वेतन नहीं मिला है। हड़ताल के कारण रिम्स के वार्डों और कैंपस में गंदगी पसरी रही। इससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। रिम्स के विभिन्न वार्डों में कचरा पड़ा रहा और अस्पताल परिसर में झाड़ू नहीं लग पाया। सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण अस्पताल की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई। सफाईकर्मियों ने इस बात को लेकर विरोध जताया कि वे कई महीनों से मेहनत करने के बावजूद वेतन नहीं मिल पा रहा हैं। इससे उनकी स्थिति भी दयनीय हो गई है। इधर प्रबंधन ने काम ठप किए जाने के बाद एजेंसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने का निर्णय लिया है।

सफाई ठप होने से मरीजों और परिजनों को झेलनी पड़ी परेशानी

- इमरजेंसी सेवा बाधित करने का एजेंसी पर लगाया जा रहा आरोप
- सफाईकर्मियों को 5 महीने से नहीं मिला है पेमेंट

संचालक के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त

बाद में एजेंसी के संचालक से आश्वासन मिलने के बाद सफाईकर्मी काम पर लौट आए। उन्होंने कहा कि उन्हें कुछ ही दिनों में उनका बकाया वेतन मिल जाएगा, जिसके बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई। एजेंसी का कहना था कि रिम्स प्रशासन द्वारा इस मामले पर पहले भी संज्ञान लिया गया था और यह आश्वासन दिया गया था कि भविष्य में इस तरह की स्थिति नहीं उत्पन्न होने दी जाएगी। इस बीच प्रबंधन ने भी पेमेंट देने में देरी कर दी। जिससे एजेंसी कर्मियों का पेमेंट नहीं दे पाई। रिम्स के सफाई कार्य के लिए हर साल 4 करोड़ रुपये का खर्चा आता है। रिम्स में अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कार्यरत सफाई कर्मचारी गुरुवार को ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। वहीं बिना किसी पूर्व सूचना के काम बंद कर दिया। प्रबंधन का कहना है कि चूंकि रिम्स अतिआवश्यक सेवाओं की श्रेणी में आता है और इन सेवाओं को बाधित करना अपराध है। रिम्स प्रबंधन द्वारा अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर आवश्यक सेवाओं को बाधित करने के लिए एफआईआर करने का निर्णय लिया गया है। विदित हो कि अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कर्मियों का दिसंबर 2024 तक भुगतान किया जा चुका है। जनवरी का विपत्र एजेंसी द्वारा फरवरी के अंत में जमा किया गया है और फरवरी का विपत्र अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। प्रबंधन ने यह भी बताया कि अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वेतन भुगतान के सम्बन्ध में अपने कर्मियों को निरंतर गुमराह करने का इतिहास रहा है।

एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करने की तैयारी

अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अपने कर्मियों को गुमराह कर पूर्व में भी कार्यों को बाधित किया गया है। इसके लिए एजेंसी को चेतावनी भी दी गई है। निदेशक डॉ. राजकुमार ने एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ये भी बताया कि अन्नपूर्णा यूटिलिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किये जा रहे सफाई कार्यों के संबंध में विभिन्न स्तर पर शिकायत प्रबंधन को प्राप्त हुई है। निरीक्षण के दौरान निदेशक एवं अन्य पदाधिकारियों को भी परिसर में साफ सफाई संतोषजनक नहीं पाया गया है। इसके अलावा प्रबंधन द्वारा विपत्र की जांच में कई त्रुटियों सामने आती हैं। इतना ही नहीं रैन बसेरा कमिटी रिपोर्ट में एजेंसी के कुछ कर्मियों की गैरकानूनी कार्यों में संलिप्ता भी सिद्ध हुई है। ऐसे में एजेंसी का कार्यकाल खत्म होने वाला है और नए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। निदेशक ने चिकित्सा अधीक्षक को नई निविदा प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

रांची के 18 प्रखंडों से चयनित स्कूलों के 180 आरोग्य दूतों को किया गया सम्मानित

PHOTON NEWS RANCHI :

- सदर अस्पताल के ऑडिटोरियम में हुआ कार्यक्रम का आयोजन
- स्कूल हेल्थ एंड वेलफेयर प्रोग्राम के तहत मेहनत व समर्पण के आधार पर चुने गए आरोग्य दूत

गुरुवार को रांची के 18 प्रखंडों से चयनित पांच-पांच उत्कृष्ट विद्यालयों के 180 आरोग्य दूतों को गुरुवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह रांची के सदर अस्पताल ऑडिटोरियम में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के समन्वय और सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तहत किया गया था। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज और राज्य आरकेएसके सेल एनएचएम की रफत फरजाना ने 180 आरोग्य दूतों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। इन आरोग्य दूतों का चयन स्कूल हेल्थ एंड वेलफेयर प्रोग्राम के तहत उनकी मेहनत और समर्पण के लिए किया गया था। अतिथियों ने स्कूल हेल्थ एंड वेलफेयर प्रोग्राम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से किशोरों में जीवन कौशल, सहपाठियों के साथ सकारात्मक संबंध, तार्किक और विश्लेषण कौशल, निर्णय लेने, समस्या समाधान और संवाद कौशल को बढ़ावा मिलता है। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य से संबंधित संसाधनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी कार्य किया जा रहा है, जिससे विद्यालयों में छात्र-छात्राओं का मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षिक परिणाम बेहतर हो सकते हैं।

पूर्व डीसी छवि रंजन की क्रिमिनल रिट पर अगली सुनवाई दो अप्रैल को

PHOTON NEWS RANCHI :

जमीन घोटाला के आरोपी रांची के पूर्व डीसी और निलंबित आईएएस अधिकारी छवि रंजन की क्रिमिनल रिट पर झारखंड हाईकोर्ट में अब दो अप्रैल को सुनवाई होगी। न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में उनकी याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। इस दौरान छवि रंजन और ईडी के अधिवक्ता की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए नयी तारीख दी है। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातु स्थित सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री से जुड़े इस केस में ईडी रांची के पूर्व उपायुक्त आईएएस छवि रंजन, चर्चित कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन का फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसपर कोर्ट ने संज्ञान भी ले लिया है। छवि रंजन ने अपनी याचिका में ट्रायल कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान को भी चुनौती दी है।

कई आपराधिक मामलों में संलिप्त शूटर वैभव यादव को हाईकोर्ट से मिली बेल

RANCHI : झारखंड हाईकोर्ट ने वैभव रंगदारी के किए हत्या करने के आरोपी वैभव यादव को जमानत दे दी है। वैभव यादव गैंगस्टर अमन सिंह का शूटर था, उसने वर्ष 2022 में रंजीत कुमार साव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। रंजीत साव झरिया का बड़ा टायर व्यवसाई था। उससे अमन सिंह ने दस लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में झरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वैभव के ऊपर धनबाद और बोकारो जिले के अलग थानों में कई केस दर्ज हैं। सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि वैभव के ऊपर कुल लगभग 50 आपराधिक मामले चल रहे हैं। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट के सुनवाई हुई। कोर्ट ने उसे 50-50 हजार के दो निजी मुचलके भरने की शर्त पर बेल दी है। वैभव यादव की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की।

कूड़े का उठाव सुनिश्चित करने के लिए घरों और प्रतिष्ठानों में लगाया जा रहा डिवाइस

नगर निगम ने दी चेतावनी, आरएफआईडी से छेड़छाड़ करने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर

PHOTON NEWS RANCHI :

रांची नगर निगम ने शहर की साफ-सफाई, स्वच्छता और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए कई जरूरी कदम उठा रहा है। निगम ने शत-प्रतिशत घरों से कूड़े का उठाव सुनिश्चित करने के लिए सभी घरों में आरएफआईडी तकनीक का इंस्टालेशन शुरू किया है। यह कदम शहर को स्वच्छ और संरक्षित रखने के लिए उठाया गया है, लेकिन देखा जा रहा है कि कई घरों में जहां आरएफआईडी इंस्टाल किए गए थे वहां से निकालकर फेंक दिया गया है। वहीं कई जगहों पर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। ऐसे में रांची नगर निगम अब कार्रवाई करने की तैयारी में है। वहीं आरएफआईडी को नुकसान पहुंचाने वालों पर एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

इंस्टाल किए गए आरएफआईडी को लोग पहुंचा रहे नुकसान

बताया आरएफआईडी का उद्देश्य

बता दें कि आरएफआईडी को नुकसान पहुंचाने से न केवल निगम की संपति को नुकसान हो रहा है, बल्कि साफ-सफाई के कार्यो की मॉनीटरिंग भी प्रभावित हो रही है। नगर निगम ने इस संबंध में सभी नागरिकों से अपील की है कि वे आरएफआईडी से छेड़छाड़ न करें और इसे सुरक्षित रखें। निगम ने कहा कि आरएफआईडी का उद्देश्य शहर की सफाई और कूड़ा प्रबंधन को बेहतर बनाना है, ताकि प्रत्येक घर से कूड़ा समय पर उठाया जा सके और नगर निगम की सेवाओं में किसी प्रकार की रुकावट न आए। साथ ही कहा गया कि आरएफआईडी तकनीक को बरकरार रखें और इसे किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त या निकालने से बचें। रांची नगर निगम के अधिकारियों ने ये चेतावनी दी है कि यदि किसी व्यक्ति ने जानबूझकर आरएफआईडी से छेड़छाड़ की तो उसके खिलाफ झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 और राज्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2016 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रेशम उद्योग के समावेशी विकास विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल हुए राज्यपाल

झारखंड तसर उद्योग में देश का अग्रणी राज्य : गवर्नर

PHOTON NEWS RANCHI :

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि तसर रेशम उद्योग न केवल एक कृषि आधारित उद्योग है, बल्कि यह जनजातीय समुदाय की परंपरा और संस्कृति का भी अभिन्न हिस्सा है। झारखंड तसर उद्योग में देश का अग्रणी राज्य है और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है। उन्होंने तसर रेशम उद्योग को पर्यावरण-संवेदनशील एवं सतत विकास का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि वन संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। गंगवार गुरुवार को रांची केंद्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान में भारत में तसर रेशम उद्योग के समावेशी विकास विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि तसर रेशम उत्पादन से लगभग 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं और भारत सरकार द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं कपड़ा मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। राज्यपाल ने अपने पूर्व के अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में मई 2014 में केंद्रीय वस्त्र राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में कार्य करने का अवसर मिला। इस दौरान, उन्होंने रेशम कृषकों और बुनकरों के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों को निकटता से देखा और उनकी आय बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए। उन्होंने कहा कि झारखंड के तसर उत्पादकों को आगे बढ़ाने और उनकी आजीविका को स्थायी बनाने के लिए नीति-निर्माण में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

यह जनजातीय समुदाय की परंपरा और संस्कृति का भी अभिन्न हिस्सा

दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते राज्यपाल संतोष गंगवार।

कार्यक्रम में शामिल लोगों के साथ राज्यपाल।

सरहुल पूजा महासमिति की हुई मीटिंग, शोभायात्रा के लिए बनी कमेटी

RANCHI : गुरुवार को बेड़ो में सरहुल पूजा महासमिति बेड़ो की बैठक सरना स्थल में संरक्षक राकेश कुमार भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरहुल पूजा की पूर्व संध्या, मुख्य पूजा एवं शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया तथा नई समिति का गठन किया गया। निर्णय लिया गया कि 31 मार्च को सरहुल पूजा की पूर्व संध्या मनाई जाएगी, 1 अप्रैल को पूजा का आयोजन होगा और 2 अप्रैल को भव्य सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में सरहुल पूजा महासमिति के अध्यक्ष सुका उरांव तथा उपाध्यक्ष बुधवा पहान, सुशील भगत, प्रवीण भगत, मनोज उरांव, विक्रांत उरांव, रजत उरांव, पंचम तिर्की, राजेश भगत, निर्मल तिर्की समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियां तय की। शोभायात्रा की भव्यता, पारंपरिक रीति-रिवाजों के पालन, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

मंईयां सम्मान की राशि नहीं मिलने से प्रखंड कार्यालय पहुंच रहीं महिलाएं

PHOTON NEWS RANCHI :

बेड़ो में मंईयां सम्मान योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि से वंचित सैकड़ों महिलाओं प्रखंड कार्यालय पहुंच रही हैं। गुरुवार को तीसरा दिन था, जब महिलाएं अपनी शिकायतें लेकर कार्यालय पहुंचीं, लेकिन उनकी परेशानियां जस की तस बनी रहीं। कई महिलाएं अपने छोटे बच्चों को पीठ पर बांधकर तो कुछ रोजा रखकर कार्यालय पहुंचीं और अधिकारियों से सवाल किया कि उन्हें इस बार ₹7500 की राशि क्यों नहीं मिली। महिलाओं का कहना है कि पहले उन्हें ₹1000 और ₹2500 मिल चुके थे, लेकिन इस बार खाते में पैसे न आने से वे नाराज हैं। इस मुद्दे पर सामाजिक सुरक्षा के प्रखंड ऑपरेटर संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि लाभुकों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर सक्षम न होने के कारण पैसे नहीं आ पा रहे हैं। इसे लेकर रोज सैकड़ों महिलाएं बैंकों में डीबीटी का फॉर्म जमा कर रही हैं। इस योजना की राशि न मिलने से परेशान महिलाएं घाघरा, ईटा, करांजी, टेरो, करकरी, खुखरा, दिघिया, मुरतो, टेरो, तुतलो, केसा, जरिया, हरिहरपुर जामटोली, नेहालू, चचकोपी, पुरियो, करंज टोली और अंबा टोली से आकर प्रखंड कार्यालय में शिकायत दर्ज करवा रही हैं।

समाचार सार

टाटा जू के बाघों का करें नामकरण : प्रबंधन

JAMSHEDPUR : टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी ने शहरवासियों से उन दो बाघों का नामकरण करने का आग्रह किया है, जो 13 मार्च को नागपुर जू से लाए गए थे।

नर व मादा बाघों का नाम 26 मार्च तक एसएमएस या वाट्सएप के माध्यम से 8709572018 पर भेज सकते हैं, जिसमें भेजने वाले का नाम और उनके निवास का पता भी देना होगा। सबसे सार्थक नाम 1 अप्रैल को चयनित किया जाएगा। विजेता प्रविष्टियों के प्रेषकों को विधिवत सूचित किया जाएगा और उन्हें चिड़ियाघर के दौरे के लिए चार सप्लीमेंट्री पास भी दिए जाएंगे।

बालू लदा डंपर पकड़ाया

CHAKRADHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिला के गोइलकेरा के जोरोबाड़ी, दलकी और पोकाम स्थित बालू घाटों से अवैध रूप से बालू खनन कर इसका परिवहन हो रहा है। जिला खनन विभाग ने गुप्त सूचना पर चक्रधरपुर में बालू लदा एक डंपर जब्त किया है।

संस्थापक सदस्य की मनाई पुण्यतिथि

GHATSILA : माटी कला भवन, घाटशिला में गुरुवार को कुंभकार प्रगतिशील समिति के संस्थापक सदस्य कमल लोचन भकत की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जगदीश भकत ने कहा कि कमल लोचन भकत क्षेत्र के विख्यात आयुर्वेदाचार्य थे। तत्कालीन राज्य सरकार ने उन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया था। वे प्रखर विद्वान, समाजसेवी व समाज सुधारक के रूप में भी जाने जाते थे। इस अवसर पर चंदन कुंडू, प्रसेनजीत पाल, मनसा पाल, धनंजय भकत, जयदीप भकत आदि भी उपस्थित थे।

आरपीएफ जवान सीख रहे ध्यान-योग

CHAKRADHARPUR : चक्रधरपुर रेल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों को तनाव मुक्त करने और मानसिक शक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय ध्यान एवं योग शिविर लगाया गया है। यह शिविर 19 से 21 मार्च तक रेलवे ऑफिसर्स क्लब के ऑडिटोरियम में हो रहा है। शिविर में गुरुवार को चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनियर डीएससी पी शंकर कुट्टे व चक्रधरपुर के आरपीएफ थाना प्रभारी विक्रम सिंह भी मौजूद थे।

ओड़िया समाज ने मनाया विश्व पखाल दिवस

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में गुरुवार को ओड़िया समाज के लोगों ने पानी-भात का सेवन कर विश्व पखाल दिवस मनाया। इससे पहले सुबह में जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। गुवा में मंदिर के पुजारी जितेंद्र पंडा ने भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को दही-पखाल का भोग लगाया। इसके बाद श्रद्धालुओं को भोग वितरण किया गया। संगीत शिक्षक योगेंद्रनाथ ने बताया कि दही व पखाल भात स्वादिष्ट होने के साथ ही औषधीय गुणों से परिपूर्ण होता है। ओड़िया समाज के घरों में अमीर-गरीब सभी लोग बड़े चाव से पखाल भात का सेवन करते हैं। कांसे के बर्तन में पखाल भात का सेवन अच्छा माना जाता है। मंदिर में भी दही पखाल व अन्य कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए गए।

जिले में आज से मनेगा ई-केवाईसी सप्ताह

JAMSHEDPUR : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी राहुल आनंद व जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने गुरुवार को सभी पणन पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं सहायक गोदाम प्रबंधक के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि जिले में 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह मनाया जाएगा।

एमजीएम में हुआ हिंदू नववर्ष यात्रा का ध्वज पूजन

JAMSHEDPUR : हिंदू नववर्ष यात्रा 29 मार्च को निकलेगी। इसे लेकर हिंदू उत्सव समिति द्वारा गुरुवार को मानगो के एमजीएम मैदान में ध्वज पूजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान समिति के संरक्षक उपेंद्र कुमार सिंह, श्रीजगन्नाथ रथ यात्रा के अध्यक्ष बापी पात्रो, संजीत शर्मा, कविता परमार, हेतराम शर्मा, मृत्युंजय सिंह आदि भी उपस्थित थे।

बंगाल ले जाए जा रहे 65 गोवंश को पुलिस ने कराया मुक्त, 9 गिरफ्तार

प्रशिक्षु थाना प्रभारी ने लोगों से किया आग्रह, पुलिस को तत्काल दें ऐसी सूचना

PHOTON NEWS GHATSILA : घाटशिला थाना क्षेत्र के चापड़ी फुटबॉल मैदान के समीप आईपीएस सह प्रशिक्षु घाटशिला थाना प्रभारी ऋषभ त्रिवेदी के नेतृत्व में छापेमारी कर गुरुवार को 65 गोवंश को तस्करों से मुक्त कराया गया। इस मामले में 9 तस्कर भी गिरफ्तार किए गए हैं।

गिरफ्त में गोवंश की तस्करी के आरोपी व थाने में लाए गए गाय-बैल व बछड़े ● फोटोन न्यूज

इस संबंध में प्रशिक्षु थाना प्रभारी ऋषभ त्रिवेदी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि काफी संख्या में गोवंशीय पशुओं को तस्करी कर पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा ले जाने की तैयारी की जा रही है सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। चापड़ी मैदान के समीप अलग-अलग टीम बनाकर पशु तस्कर बैलों को ले जा रहे थे। पुलिस वालों की मदद से तत्काल 7 तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें दो तस्कर भाग गए, लेकिन बाद में उन्हें भी पकड़ लिया गया। अभी कुछ और तस्करों के शामिल होने की जानकारी मिली है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बरामद किए गए बैल एवं बछड़े का अनुमानित मूल्य लगभग 30 लाख रुपये है।

उन्होंने कहा कि नौ लोगों के खिलाफ पशुओं की अवैध तस्करी से संबंधित प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए गोवंशीय पशुओं की सुरक्षा एवं अवैध तस्करी रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई करने का संकल्प लिया है। इसके साथ ही आम लोगों से अनुरोध किया है कि ऐसी किसी भी गतिविधि की सूचना पुलिस को तत्काल दें ताकि ऐसे अपराधों को रोका जा सके। गिरफ्तार किए गए तस्करों द्वारा गोवंशीय पशु को बिना भोजन-पानी या किसी चिकित्सकीय सुविधा के क्रूर तरीके से ले जाया जा रहा था। इन सभी गोवंश को सुरक्षा तथा देखभाल के लिए चाकुलिया स्थित ध्यान फाउंडेशन गौशाला भेजा गया है।

छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक उमेश कुमार, प्रेम कुमार निषाद, सहायक अवर निरीक्षक संजय मरांडी तथा सशस्त्र बल एवं लाठी बल शामिल थे।

जमशेदपुर में तीसरी मंजिल से गिरकर पेंटर की हुई मौत

JAMSHEDPUR : टेल्को थाना क्षेत्र के ज्योतिनगर में गुरुवार को दर्दनाक हादसा हुआ। 37 वर्षीय पेंटर विश्वजीत राय की तीसरी मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। विश्वजीत ज्योतिनगर में सतेंद्र साहू के घर पर पेंटिंग कर रहा था।

घटना सुबह करीब 9 बजे की है। विश्वजीत पेंटिंग करने के लिए सीढ़ी पर चढ़ा था, तभी दीवार खिसकने से उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर गया। हादसे के बाद, उसके साथी उसे तुरंत टाटा मोटर्स अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। वह पिछले 10 साल से ठेकेदार कप्पू गोंडल के अधीन पेंटिंग का काम कर रहा था। मृतक के साला ने बताया कि मृतक मूल रूप से ओडिशा का रहने वाला था, परंतु काफी दिनों से वह अपने ससुराल गोविंदपुर में रहता था। उसके चार बच्चे हैं। घटना के बाद, मकान मालिक ने मृतक के परिवार को 1 लाख रुपये और ठेकेदार ने 1 लाख 70 हजार रुपये देने की बात कही है।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साले ने जीजा को मारी तीर इलाज न होने से हो गई मौत

मृतक की पत्नी ने पति को बताया मानसिक रूप से बीमार

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोन्टो थाना क्षेत्र में साले ने जीजा को तीर से मार कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार, नागडा गांव निवासी डूकरू लागुरी जेटया थाना के कितातोंडंग का रहने वाला है। किसी बात को लेकर मंगलवार को वह अपनी पत्नी कैरा कुई को मारने के लिए दौड़ा रहा था। लेकिन, महिला अपनी जान बचा के लिए टोन्टो के नोगड़ा गांव अपने मायके आ गई। इसी दौरान उसका पति भी पीछे से आ गया। लेकिन वहां मामला शांत होने के बाद रात में डुकरू लागुरी ससुराल वालों के साथ खाना खाकर सो गया। बुधवार को सुबह जब डुकरू अपनी पत्नी को फिर से मारने के दौड़ा रहा था तो वह भाग कर ससुराल चली गई। ठुकरा लागुरी नोगडा में ही रह गया। बुधवार को शाम लगभग 4 बजे डुकरू लागुरी ने अपने साले के बेटों को पकड़ने के लिए दौड़ा दिया। उसी समय उसके साला राची हेस्सा घर में रखा तीर-धनुष निकाला और उस पर तीर चला दिया, जिससे वह

गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद समय पर उचित इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह घटना की सूचना पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चाइबासा भेज दिया।

डुकरू लागुरी की पत्नी कैरा कुई ने पुलिस को बताया कि उसके पति की दिमागी हालत बहुत दिनों से ठीक नहीं है।

अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

GHATSILA : धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के दोलकी गांव निवासी 70 वर्षीय शेख जमशेद की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गुरुवार की सुबह 8 बजे हो गई। परिवार के शेख अब्दुल, शेख साहिल व शेख साजिद ने बताया कि शेख जमशेद सुबह में घर से साइकिल लेकर धालभूमगढ़ जा रहे थे। मनिकाबेड़ा जंगल के समीप सड़क पर अज्ञात वाहन धक्का मार कर फरार हो गया। उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटनास्थल से वाहन का टूटा हुआ नंबर प्लेट मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने पर धालभूमगढ़ थाना की पुलिस घटनास्थल से शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

18 प्रखंडों के 180 शिक्षकों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के तत्वावधान में गुरुवार को सेंट जेवियर वेलफेयर सेंटर में सम्मान समारोह हुआ। इसमें पश्चिमी सिंहभूम जिले के 18 प्रखंडों के 5-5 स्कूलों के 180 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त कुलदीप चौधरी, उपविकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, सिविल सर्जन डॉ. सुशांतो माझी और जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम छात्रों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और कल्याण के बारे में जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी स्कूलों से कार्यक्रम के 16 मॉड्यूल को नियमित रूप से संचालित करने का आग्रह किया। उपविकास आयुक्त ने माहवारी स्वच्छता के बारे में स्कूलों द्वारा किए गए सकारात्मक बदलावों का उल्लेख किया। सिविल सर्जन ने कहा कि पश्चिमी सिंहभूम जिला इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में लगातार राज्य में पहले स्थान पर रहा है।

मिस गुवा बनीं एन्नी सामद व मिसेज गुवा अंजू खलखो

ब्यूटी कांटेस्ट की विजेता प्रतिभागी ● फोटोन न्यूज

CHAIBASA : स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, बोकारो इस्पात संयंत्र व गुवा अयस्क खान ने संयुक्त रूप से युवतियों-महिलाओं के लिए सेल क्लब में फैशन शो कराया, जिसमें एन्नी सामद मिस गुवा व अंजू खलखो मिसेज गुवा चुनी गईं। सीएसआर के तहत हुई प्रतियोगिता में युवतियों-महिलाओं ने रैम्पवॉक कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता को 6 कैटेगरी मिस गुवा, मिसेज गुवा, बेस्ट ब्यूटीफुल हेयर, मोस्ट इंटेलिजेंट, मोस्ट ब्यूटीफुल स्माइल तथा बेस्ट एटीट्यूड का खिताब दिया गया। मोस्ट ब्यूटीफुल हेयर का खिताब पूनम बोसा, मोस्ट इंटेलिजेंट का खिताब शिवानी मुंडारी, मोस्ट ब्यूटीफुल स्माइल का खिताब पूजा सिंह व बेस्ट एटीट्यूड का खिताब डेजी सिंह के सिर पर सजा। इस प्रतियोगिता में जज के तौर पर किरीबुरू से महेश दास, बोलानी से आसिफ हुसैन व सोमजी ने विजेताओं का नाम घोषित किया। सभी विजेताओं को 23 मार्च की शाम 7 बजे गुवा के सेल क्लब में पुरस्कृत किया जाएगा।

भालू के हमले से एक व्यक्ति घायल अस्पताल में भर्ती

MANOHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चिड़िया थाना क्षेत्र में नदी नहाने गए एक व्यक्ति पर भालू ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में किसी तरह जान बचाकर वहां से भागा। मिली जानकारी के अनुसार, चिड़िया निवासी रतन सामद ने गुरुवार को तीनसीमन नामक स्थान पर नदी में नहाने गया था। तभी अचानक एक भालू ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में सामद का दायां हाथ जख्मी हो गया। पीड़ित सेल के चिड़िया चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार करा रहा है। इधर घटना के सूचना पाते ही मनोहरपुर स्थित वन विभाग के अधिकारियों ने अस्पताल जाकर पीड़ित से पूरी जानकारी ली।

वार्षिक जमा-ऋण अनुपात में पूर्वी सिंहभूम पूरे राज्य में रहा अव्वल

बिष्टुपुर के गोपाल मैदान में 23 को होगा पीएमएफएमई महोत्सव

PHOTON NEWS JSR : समाहरणालय सभागार में गुरुवार को बैंकों की जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) और जिला स्तरीय समीक्षा बैठक (डीएलआरसी) की बैठक हुई। परियोजना निदेशक-आईटीडीए दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक संतोष कुमार ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 की तृतीय तिमाही का वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वार्षिक जमा-ऋण अनुपात में बैंकों द्वारा गत वर्ष की इसी अवधि में 51.62% के मुकाबले इस वर्ष 57.96% की उपलब्धि प्राप्त की गई। धन उपयोगिता के मामले में पूर्वी सिंहभूम जिले का वार्षिक जमा-ऋण अनुपात 73.66% है, जो

बैठक को संबोधित करते पीडी-आईटीडीए दीपांकर चौधरी ● फोटोन न्यूज

पूरे राज्य में अव्वल है। परियोजना निदेशक आईटीडीए ने कहा कि इससे संतुष्ट नहीं होना है। आगे भी बेहतर करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री जन- धन योजना के कुल 8,87,368 खातों में से 63,389 शून्य राशि के थे और आधार सीडिंग प्रतिशत 89.38% रहा। प्राथमिकता क्षेत्र में कृषि ऋण में सुधार, जमा साख में वृद्धि, मुद्रा योजना, पीएमजीईपी और पीएमएफएमई योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत आवेदनों का शीघ्र ऋण संवितरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। पीएमएफएमई महोत्सव का आयोजन 23 मार्च को गोपाल मैदान में किया जा रहा है, जिसमें राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव शिरकत करेंगे। उन्होंने बैंकों के अधिकारियों से कहा कि वे सरकारी योजनाओं के आवेदन को शीघ्र निष्पादित करें और समाज के अंतिम छोर पर बैठे लोगों के लिए संवेदनशीलता से काम करें।

पोटका के महतोसाई में बना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 3 लाख 30 हजार लीटर क्षमता वाली पानी टंकी व इंटेकवेल

तीन साल बाद भी पूरी नहीं हुई चंदरी-चैनपुर जलापूर्ति योजना

RAJESHWAR PADENY @ CKP : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल को लेकर बनी योजना धरातल पर उतर नहीं रही है। इस कारण से इस बार भी गर्मी में लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ेगा। इसका ज्वलंत उदाहरण चंदरी-चैनपुर जलापूर्ति योजना है। बता दें कि चक्रधरपुर प्रखंड के दो पंचायत चंदरी-चैनपुर के लिए पोटका महतो साई में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग प्रमंडल चक्रधरपुर द्वारा 11 करोड़ 67 लाख रुपये से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 3 लाख 30 हजार लीटर क्षमता वाली पानी टंकी व इंटेकवेल का निर्माण कार्य अधूरा है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य धीमी गति से चलने के कारण इस गर्मी में ग्रामीण स्वच्छ पेयजल के लिए तरस जाएंगे। निमार्णा कार्य 2021-22 में शुरू हुआ था, लेकिन तीन साल बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हो सका।

पोटका प्रखंड में तैयार जलापूर्ति योजना का भवन व पानी टंकी ● फोटोन न्यूज

संवेदक द्वारा पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी अधूरा रह गया है। योजना के तहत चंदरी व चैनपुर पंचायत के 2762 परिवारों को स्वच्छ पेयजल देने का लक्ष्य है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने बताया कि चंदरी- चैनपुर जलापूर्ति योजना का कार्य संवेदक देवेश राम प्रजापति द्वारा किया जा रहा है। पानी टंकी, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट व इंटेकवेल का निर्माण लगभग हो चुका है। केवल पाइपलाइन का कार्य अधूरा है। ग्रामीण पाइपलाइन बिछाने में मदद नहीं कर रहे हैं। इसे लेकर समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि योजना में 90 प्रतिशत कार्य हो चुका है। इसके एवज में विभाग द्वारा संवेदक को भुगतान भी किया गया है।

स्वच्छ पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण : मुखिया

चैनपुर पंचायत के मुखिया साहेब हेंब्रम ने कहा कि 11 करोड़ 67 लाख रुपये से चंदरी- चैनपुर जलापूर्ति योजना का निर्माण हो रहा है। लेकिन, कार्य धीमी गति से होने के कारण दो सालों में भी योजना पूर्ण नहीं हुआ है। जिसके कारण गर्मी में चंदरी- चैनपुर पंचायत के दर्जनों गांव के ग्रामीण स्वच्छ पेयजल के लिए दर-दर भटकेंगे।

90 प्रतिशत कार्य हो चुका : संवेदक

जलापूर्ति योजना के संवेदक देवेश राम प्रजापति ने कहा कि निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। लेकिन एक किलोमीटर पाइपलाइन बिछाने में ग्रामीण मदद नहीं कर रहे हैं। इसलिए कार्य अधूरा है। संजय नदी में इंटेकवेल का निर्माण और सभी गांव में पाइपलाइन और स्टैंड पोस्ट लगाया गया है। ग्रामीण मदद करें ताकि योजना को शीघ्र चालू कराया जा सके।

इन गांवों को मिलेगा लाभ

चंदरी पंचायत के पोटका महतो टोला, चंदरी, पंनसुवां, दुधकुंडी, बाईडीह, पीरुडीह, चैनपुर पंचायत के उलीडीह, डीपासाई, बोड़दा, चैनपुर, सहजोड़ा, ईटोर पंचायत के उलिबेड़ा, मानीसाई, हाथीबारी, रायाडीह आदि गांव के 2762 परिवारों को स्वच्छ पेयजल पहुंचने का लक्ष्य है।

मंईयां योजना से नाराज महिलाओं का अल्टीमेटम

घाटशिला प्रखंड कार्यालय पर जुटी महिलाएं ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : तीन माह से बकाया मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से नाराज महिलाओं ने गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में जमकर हंगामा किया। विभिन्न गांवों की कुछ महिलाओं ने कहा कि उन्हें तो आज तक इस योजना का लाभ नहीं मिला। 6 माह पूर्व आवेदन किया था। अन्य महिलाओं ने बताया कि दिसंबर में ढाई हजार रुपये मिले थे, लेकिन उसके बाद योजना की राशि नहीं मिली। महिलाओं ने निर्णय लिया है कि शनिवार तक योजना की राशि खाते में नहीं आई तो 24 मार्च को प्रखंड कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। महिलाओं ने कहा कि हेमंत सोरेन को दोबारा सत्ता दिलाने में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सरकार द्वारा महिलाओं के साथ इस तरह का छल किया जाना, सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में खामियाजा भुगतना पड़ेगा। विरोध प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में चायना रजक, प्रिया रजक, पल्लवी रजक, सफला रजक, रीना माझी, पूजा कर्मकार, मोइन माझी, सुमित्रा कर्मकार, पानमोनी हेंब्रम, नंदिनी कुमारी, सुनीता सिंह सहित अन्य महिलाएं शामिल थीं।

हाई ब्लड शुगर होने पर शरीर के इन अंगों पर पड़ सकता है बुरा असर

डायबिटीज के मामलों में तेजी देखी जा रही है। भारत में डायबिटीज के आंकड़े चिंताजनक है। जी हां, करीब 77 करोड़ लोग इस बीमारी की चपेट में है। वहीं अनुमान जताया जा रहा है कि साल 2045 तक यह संख्या बढ़कर 134करोड़ तक पहुंच जाएगी। अचानक से शरीर में ब्लड के रक्तस्त्राव के बढ़ जाने को हाइपरग्लेसेमिया कहा जाता है। इससे शरीर के कई अंगों को क्षति पहुंचती है।

आंखों की समस्या

डायबिटीज होने के बाद एक अच्छी लाइफस्टाइल से ही अच्छे से लॉन्ग लाइफ जी सकते हैं। ब्लड शुगर असामान्य रूप से बढ़ने से आंखों पर प्रभाव पड़ता है। इससे धुंधलापन होना, मोतियाबिंद होना, ग्लूकोमा जैसी समस्या घेरने लगती है। इसके लिए पौष्टिक आहार बहुत जरूरी है।

घाव के ठीक होने में वक्त लगना

दरअसल, हाइपरग्लेसेमिया की वजह से घाव ठीक होने में वक्त लगता है। कई बार महीने भी लग जाते हैं। इतना ही नहीं घाव अगर ठीक नहीं होता है तो कई बार इंफेक्शन नहीं फैले इसलिए अंग को ही निकालना पड़ता है। जिसका कारण होता है रोग प्रतिरोधक क्षमता का कम होना।

संक्रमण का खतरा

रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होने के कारण संक्रमण का खतरा अधिक होता है। डायबिटीज मरीज को यूरिन के संक्रमण का खतरा बहुत अधिक होता है। इसका प्रभाव किडनी पर भी पड़ता है।

पैरों की समस्या

मधुमेह होने के कारण पैर अधिक दर्द करते हैं। कई बार असहनीय दर्द रहता है। पैरों में घाव हो जाना, उंगलियों का कालापन होना।

शुगर कंट्रोल नहीं होने पर पूरे पैर में भी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है मीठा जरा भी नहीं खाएं और शुगर फ्री चीजों का ही सेवन करें।

आहार में शामिल करें ये नॉन डेयरी कैल्शियम रिच फूड नहीं होगी कैल्शियम की कमी

शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करने के लिए दूध और दूध से बने उत्पादों का सेवन बहुत जरूरी होता है। लेकिन यदि आपको दूध पीना पसंद नहीं है या आपको दूध से एलर्जी है तब आप क्या करेंगी? नहीं आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रकृति ने हमें ऐसे बहुत से खाद्य पदार्थ दिए हैं, जिनमें उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है। इसलिए आज बात करते हैं उन फूड्स की जो दूध के बिना भी आपके शरीर में कैल्शियम की कमी नहीं होने देंगे।

हरी सब्जियां

गहरे रंग वाली सब्जियां जैसे बथुआ, पालक, चौलाई, मेथी आदि में आयरन और फोलेट के साथ-साथ कैल्शियम की भी अच्छी मात्रा होती है। आप इन्हें अपनी डाइट में शामिल कर कैल्शियम की प्राप्ति कर सकती हैं।

बादाम और अंजीर

बादाम को पावर बैंक कहा जाता है, क्योंकि इसमें सभी आवश्यक आयरन और विटामिन होते हैं। यह कैल्शियम में भी काफी समृद्ध होता है। इसी के साथ-साथ अंजीर में भी आयरन और कैल्शियम की समृद्ध मात्रा होती है। नाश्ते, लंच या हल्की स्नैकिंग के रूप में आप बादाम और अंजीर का एक साथ सेवन कर सकती हैं।

डाइट में शामिल करें सोया

यदि आप अपनी डाइट में सोया या उससे बने फूड्स जैसे टोफू का प्रयोग करती हैं तो आपको लगभग 220 मिलीग्राम से 250 मिलीग्राम कैल्शियम की आपूर्ति होती है। जो आपकी दैनिक जरूरत के बराबर है।

भुने हुए तिल

यदि आप कैल्शियम रिच नॉन डेरी प्रोडक्ट की तलाश में हैं, तो भुने हुए तिल आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। एक्सपर्ट के मुताबिक लगभग 25 ग्राम तिल आपको 270 मिलीग्राम कैल्शियम, दैनिक जरूरत के बराबर आपूर्ति करता है।

मछली भी है कैल्शियम रिच

सार्डिन या साल्मन यह दो बेहतरीन मछलियां हैं। जिनसे दैनिक जरूरत की कैल्शियम की आपूर्ति होती है। यह दोनों ही कैल्शियम, ओमेगा 3 फैटी एसिड और प्रोटीन के बेहतरीन स्रोत हैं। आपको इनको बस जरूरत के मुताबिक ही खाना है। यानी कि हफ्ते में लगभग दो टुकड़े।

साबुत अनाज एवं दालें

आप अपनी डाइट में ऐसे कुछ अनाज या दालों का प्रयोग कर सकती हैं, जो कैल्शियम का बेहतरीन स्रोत हैं। जैसे कि मोठ, राजमा, कुलथी, बाजरा, चना, सोयाबीन, रागी आदि।

क्यों जरूरी है कैल्शियम

हमारे शरीर में हड्डियों के विकास के लिए कैल्शियम बेहद आवश्यक है। यह हड्डियों के साथ ही मांसपेशियों, कोशिकाओं और हृदय व नसों के सुचारू रूप से काम करने के लिए भी बहुत जरूरी है। हमारे शरीर में कैल्शियम की मात्रा सबसे अधिक पायी जाती है। इनमें से लगभग 98% हिस्सा हमारे दांतो और हमारे शरीर की हड्डियों में प्रयोग होता है। जबकि इसका 1% रक्त और मांसपेशियों में प्रयोग होता है। इसलिए कैल्शियम सभी के लिए आवश्यक है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक कैल्शियम की जरूरत होती है। इसी वजह से कैल्शियम की आपूर्ति के लिए दूध और दूध से बने पदार्थों का सेवन किया जाता है। मगर यदि आपको दूध से एलर्जी है या आपको दूध पीना पसंद नहीं है, तो आपको नॉन डेयरी प्रोडक्ट से यह जरूरत पूरी करनी होगी।

डायबिटीज कंट्रोल करने के लिए डाइट में शामिल करें अनार के फूल

खून बढ़ाने से लेकर ग्लोइंग स्किन पाने के लिए अनार खाने के फायदों के बारे में आपने सुना ही होगा। लेकिन क्या आपने अनार के फूल के फायदों के बारे में सुना है। प्राकृति ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया है, जो स्वस्थ रहने और किसी बीमारी से लड़ने के लिए काफी है। ऐसा ही एक प्राकृति का तोहफा है अनार का फूल। आइए जानते हैं अनार के फूल के फायदों के बारे में।

- शुगर की परेशानी इन दिनों आम हो गई है। दुनियाभर में कई लोग इस जानलेवा बीमारी से जूझ रहे हैं। हालांकि इसे कंट्रोल करने के कई तरीके हैं, लेकिन बावजूद इसके इसे ठीक नहीं किया जा सकता। ऐसे में एक स्वस्थ जीवन शैली पर स्विच करना महत्तवपूर्ण है। शुगर के मरीजों को कम चीनी और फाईड चीजों को अवॉइड करना चाहिए। ऐसे में डाइट में अनार के फूल शामिल करना अच्छा हो सकता है। हेल्थ रिपोर्ट्स के मुताबिक अनार के फूल में फोटोकेमिकल होता है, जो शुगर के मरीजों के लिए अच्छा होता है।
- बेदाग स्किन और स्वस्थ चमक इन दिनों खो सी गई है। पर्यावरण प्रदूषण और गलती जीवनशैली के चलते ऐसी त्वचा पाना बेहद ही मुश्किल हो गया है। वहीं बीजी रूटीन में नियमित त्वचा की देखभाल करना भी मुश्किल होता है। ऐसे में आप अनार के फूल पर विश्वास कर सकते हैं, इसकी मदद से झुर्रियों और समय से पहले बूढ़ा होने से बचा जा सकता है।
- कोरोना काल में हर किसी ने एक चीज अच्छे से सिखी है और वो है स्वस्थ्य रहना। लोग इन दिनों स्वस्थ और इम्यूनिटी को बढ़ावा देने वाली हर एक चीज का पूर्ण रूप से ख्याल रख रहे हैं। ऐसे में अनार के फूल भी स्वस्थ रहने में आपकी मदद कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। जो बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने में मदद करते हैं।
- अनार के फूल को डाइट में शामिल करने से अपने कार्डियोवस्कुलर हेल्थ का ख्याल रख सकते हैं। शरीर में सबसे महत्तवपूर्ण अंगों में से एक होता है हृदय, जो पूरे शरीर में ब्लड पंप करता है। इससे न केवल ऑक्सीजन बल्कि शरीर के विभिन्न कार्यों को करने के लिए पोष्क तत्व भी पहुंचाता है। अगर दिल की सेहत का ध्यान न रखा जाए तो आप आलसी, सुस्त और लो एनर्जी महसूस करेंगे।
- अनार का फूल में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के साथ शरीर में जमा फैट को खत्म कर आपको हेल्दी रखता है। हालांकि अच्छे परिणाम के लिए आपको कसरत करनी होगी।

कैसे करें अनार के फूल का इस्तेमाल

आप अनार के फूलों के सपलीमेंट ले सकते हैं, या फिर अगर आपको अनार के फूल मिल जाते हैं तो आप इसकी चाय बनाकर पी सकते हैं। हालांकि किसी भी तरह की जलन महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

दूध, दही, पनीर के सेवन से कम होता है डायबिटीज और हाई बीपी का खतरा

वैज्ञानिकों के अनुसार दही, दूध या पनीर का रोजाना सेवन डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम करता है। हाल ही में एक शोध ने डेयरी रिच डाइट (यानी दही, दूध या पनीर युक्त खाद्य पदार्थ) को रक्त शर्करा के स्तर, ब्लड प्रेशर में सुधार और हृदय रोग संबंधी जोखिमों को कम करने से जोड़ा गया। शोध के मुताबिक, रोजाना इन डेयरी उत्पादों का दो बार सेवन इन बीमारियों से राहत दिलाने में फायदा करता है।

इस अध्ययन को डायबिटीज रिसर्च जर्नल में प्रकाशित किया गया। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का विश्लेषण करना था। उन्होंने भारत सहित दुनियाभर के 21 देशों के 35 से 70 वर्ष के लोगों में डेयरी रिच डाइट के प्रभाव का गहराई से अध्ययन किया। इस शो में डेयरी उत्पादों जैसे दूध, दही, दही से बने पेय, पनीर से बनी डिशेज शामिल थीं। इन्हें फुल या लो फैट के रूप में बांटा गया था। बटर और क्रीम का अलग से मूल्यांकन किया गया था, क्योंकि वे आमतौर पर उन देशों में नहीं खाए जाते थे जो अध्ययन का हिस्सा थे।

मेटाबॉलिक सिंड्रोम के पांच घटकों पर डेयरी उत्पादों के प्रभाव का अध्ययन किया गया था। यह अध्ययन लगभग 1,13,000 लोगों में किया गया। मेटाबॉलिक सिंड्रोम एक तरह से समस्याओं का झुंड होता है। मुख्य रूप से इसमें ब्लड प्रेशर बढ़ना, ब्लड शुगर बढ़ जाना, कमर के आसपास चर्बी बढ़ जाना और कोलेस्ट्रॉल व ट्राइग्लिसराइड का स्तर असामान्य हो जाना जैसी समस्याएं शामिल होती हैं। मेटाबॉलिक सिंड्रोम में ये समस्याएं एक साथ होती हैं जिससे स्ट्रोक, डायबिटीज व हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है। शोधकर्ताओं ने हाई ब्लड प्रेशर, बढ़ी हुई कमर, गुड कोलेस्ट्रॉल का निम्न स्तर, हाई ब्लड फैट्स और बढ़े हुए फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज की 12 महीनों की स्थिति को ट्रैक किया। अध्ययन से पहले लगभग 46,667 लोगों को मेटाबॉलिक सिंड्रोम था, यानी उनमें पांच में से कम से कम तीन स्थितियां थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि फुल फैट वाले डेयरी का सेवन करने से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का जोखिम कम था। इससे पता चलता है कि डेयरी प्रोडक्ट शरीर की कार्यप्रणाली में कैसे सुधार करते हैं। शोध में कहा गया है कि यदि इन निष्कर्षों के आधार पर बड़े और दीर्घकालिक परीक्षणों में पुष्टि की जाती है, तो बढ़ती डेयरी खपत मेटाबॉलिक सिंड्रोम, डायबिटीज और हृदय रोग के मामलों को कम करने के लिए बड़े काम की हो सकती है। डेयरी उत्पादों में स्वास्थ्य लाभ में हड्डियों, दांतों और मांसपेशियों की मजबूती, पाचन में सुधार, वजन घटाना आदि शामिल हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक डेयरी उत्पाद प्रोटीन और कैल्शियम के बड़े स्रोत हैं। इसके अलावा यह उत्पाद विटामिन और मिनरल्स के भी बड़े संयोजक होते हैं। डेयरी उत्पाद मुख्य रूप से पशुओं के दूध से निर्मित खाद्य या पेय पदार्थ होते हैं। मुख्य रूप से जिन पशुओं के दूध का प्रयोग इन उत्पादों को बनाने के लिए किया जाता है उनमें गाय, भैंस, बकरी, भेड, याक और ऊंट शामिल हैं।

हेल्दी डाइट के लिए खाइए ब्राउन राइस

जो लोग हेल्दी डाइट और व वजन कम करने में दिलचस्पी रखते हैं और चावल से परहेज करते हैं, उनके लिए ब्राउन राइस एक बेहतरीन विकल्प है। कैलोरी कम होने के साथ-साथ इसके और भी कुछ फायदे हैं। जानिए इसके 5 फायदे.

कोलेस्ट्रॉल

ब्राउन राइस खाने का सबसे बड़ा फायदा यही है कि यह कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और अनचाहे फैट को शरीर के आंतरिक भागों में जमने से रोकता है।

डाइबिटीज

सामान्यत: चावल में शर्करा की मात्रा अधिक होती है, जिसके कारण डाइबिटीज के रोगी इससे दूरी बनाए रखते हैं। लेकिन ब्राउन राइस के सेवन से रक्त में शर्करा का स्तर नहीं बढ़ता। इसलिए यह आपके लिए बेहतर विकल्प है।

हृदय रोग

हार्टअटैक या हृदय के अन्य रोग, ज्यादातर हृदय की धमनियों में कोलेस्ट्रॉल के जमाव के कारण होते हैं। ऐसे में ब्राउन राइस का सेवन इससे बचाकर आपके हृदय की भी रक्षा करता है।

हड्डियां

मैग्नीशियम व कैल्शयिम से भरपूर होने के कारण ब्राउन राइस, हड्डियों को मजबूत करने के लिए बेहद फायदेमंद है। सफेछ चावल की अपेक्षा यह सेहत के कई फायदे देता है।

वजन कम

वजन कम करना चाहते हैं, और चावल से दूर नहीं रह सकते, तो सफेद चावल की जगह ब्राउन राइस को भोजन में शामिल करें। कुछ ही समय में आप वजन में कमी महसूस करेंगे।

आयुर्वेद ने भी माना खाली पेट इन चीजों का सेवन करने से घटता है मोटापा

वजन घटाने के लिए लोग न जानें कितनी प्रकार की डायट फॉलो करते हैं। लेकिन अपने आपको भूखा रखकर लंबे समय तक बिना सोचे-समझे किसी भी प्रकार की डायट का पालन करना मुश्किल हो जाता है। वजन घटाना कोई आसान काम नहीं है। शरीर की एक्सट्रा चर्बी को निकालने के लिए नियमित व्यायाम के साथ कैलोरीज भी बर्न करनी पड़ती हैं। इसके लिए आयुर्वेद के पास ऐसे कई तरीके हैं, जिससे शरीर की गंदगी बाहर निकलेगी और आपको वजन कम करने में आसानी होगी। ये तरीके बेहद आसान हैं, लेकिन आपको इन्हें अपनी लाइफस्टाइल का हिस्सा बनाना होगा। आइए जानते हैं क्या हैं वो तरीके जिसे मोटापा घटाने के लिए आयुर्वेद में अहम माना गया है.

गर्म पानी के साथ घी और नींबू

200 मिलीलीटर पानी के साथ थोड़ा सा नींबू या घी का सेवन करने से पेरिस्टलसिस में सुधार होता है, जो कि वेस्ट और खाने की गति को नीचे की ओर ढकेलता है। यदि आपका शरीर वात या पित्त प्रकार का है, तो आप इससे आपका पाचन तंत्र चिकना होगा जिससे कब्ज की समस्या दूर होगी।

डायजेस्टिव चाय

आजकल, बाजार में आयुर्वेदिक चाय की ढेर सारी वैराइटीज उपलब्ध हैं। लेकिन अच्छा होगा कि आप घर पर अपनी चाय खुद ही बना लें। इसके लिए 1 चम्मच जीरा, 1 चम्मच सौंफ, 1 चम्मच धनिया के बीज, 1 इलायची और थोड़ी सी अजवाइन को लेकर 500 मिलीलीटर पानी में तब तक उबालें, जब तक पानी की मात्रा आधी न हो जाए। इस चाय को खाली पेट पीने से अपच, ब्लोटिंग और वजन कम करने में मदद मिलेगी।

अपने मेटाबोलिज्म को तेज बनाने के लिए आप दालचीनी, इलायची, लौंग, कद्दूकस की हुई अदरक, काली मिर्च, हल्दी और स्टार ऐनीज को 500 मिली पानी में उबालें। यह पानी आधा हो जाए तब इसमें आधा नींबू और कोकोनट शुगर मिलाएं। चाय शरीर की गर्मी बढ़ाकर चयापचय में सुधार करके वजन कम करने में मदद करेगी।

कच्चे फल

सुबह खाली पेट हर्बल चाय पीने के बाद, कच्चे फलों का सेवन करें जो प्रकृति में थोड़े से कसैले हो सकते हैं। ग्रीन और रेड एपल, क्रैनबेरी, ब्लूबेरी, चेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, अनानास, आंवला और अनार जैसे फलों को ही चुनें। यह फल शरीर में वॉटर रिटेंशन को कम करते हैं और आपकी त्वचा में कोलेजन को बढ़ाते हैं, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

सिलेरी जूस

तनाव से बचने के लिए आयुर्वेद कच्चे फल और पकी या उबली हुई सब्जियां खाने की सलाह देता है। ऐसी स्मूदी लेने से बचें जिसमें फल, सब्जियां, दूध और दही का मिश्रण शामिल हो। यह शरीर में विषाक्त पदार्थों के संचय का कारण बन सकता है। बल्कि पेट की ब्लोटिंग और अतिरिक्त चर्बी को कम करने के लिए एक चुटकी सेंधा नमक और नारियल तेल के साथ सिलेरी का जूस लें।

वजन घटाने के बुनियादी नियम

- जब आपको भूख लगे तब ही खाएं।
- सूर्यास्त के बाद न खाएं।
- इंटरमिटेंट फास्टिंग करें जिसमें 16 घंटे के तक कुछ भी न खाएं। इससे आपकी ऊर्जा तो बढ़ती है साथ में दिमाग पर कंट्रोल रहता है।
- कच्चे फल खाने के बाद पका हुआ भोजन करें।
- आपका पेट केवल आपकी मुट्ठी के आकार का है। अपनी भूख से 80 प्रतिशत भोजन कम खाएं, ताकि खाना पचाने वाले रस अपना काम आसानी से कर सकें।

जरूरी नहीं महंगी बादाम खाना, सस्ती मूंगफली भी है प्रोटीन का खजाना

मूंगफली का सेवन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। बल्कि इसे बादाम का पर्याय माना जाता है। जितने पोषक तत्व बादाम में मौजूद होते हैं वह सभी मूंगफली में आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। लेकिन बादाम महंगा होता है और मूंगफली सस्ती होती है लेकिन आप बादाम की जगह मूंगफली भी खा सकते हैं। एक लीटर दूध के बजाए 100 ग्राम कच्ची मूंगफली में अधिक प्रोटीन होता है। मूंगफली के साथ ही मूंगफली के तेल के कई फायदे होते हैं। यह कीटाणुओं को खत्म करने में मददगार होता है। जानते हैं मूंगफली खाने के अचूक फायदों के बारे में –

हड्डियों को करें मजबूत

मूंगफली के सेवन से हड्डियां मजबूत होती है। मूंगफली में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को विटामिन डी और कैल्शियम मिलता है। बादाम के बदले इसका आसानी से सेवन कर सकते हैं।

हार्मोन को करें बैलेंस

जब महिला और पुरुषों में हार्मोंस अनबैलेंस्ड हो जाते हैं तब कई प्रकार की शारीरिक समस्या होती है। इसलिए महिला और पुरुष को रोज एक मुट्ठी मूंगफली का सेवन करना चाहिए।

कैंसर से बचाएं

मूंगफली में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है जिसका नाम है पॉलीफिनॉलिक। इसके सेवन से पेट के कैंसर का खतरा कम हो जाता है। सप्ताह में 1 बार मूंगफली के साथ मक्खन का सेवन करना चाहिए।

झुर्रियों को हटाए

मूंगफली खाने से झुर्रियां कम होती है। इसमें मौजूद तत्व चेहरे पर बारीक रेखा और झुर्रियों को बनने से रोकती है।

डायबिटीज को करें नियंत्रित

मूंगफली का सेवन करने से डायबिटीज की आशंका कम होती है। रोज अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। ताकि घातक बीमारियों से बचा जा सकें।

बेहतरी की ओर बढ़ रहे भारत-चीन संबंध

उमेश चतुर्वेदी

अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, ₹भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भारत और चीन की ओर से एक-दूसरे के लिए जिस तरह की हाल के दिनों में बयानबाजी हुई है, उससे लगता है कि दोनों देशों के रिश्ते बेहतरी की ओर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। इसका हालिया मुलाहिजा तब हुआ, जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्चर एवं पाडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन को दिए करीब तीन घंटे के इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने चीन की प्रशंसा की की। मोदी पिछले साल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक को दिए इंटरव्यू में भी चीन को लेकर सकारात्मक संदेश दिए थे। इसके बाद अमेरिकी पॉडकास्टर से की गई बातचीत ने चीन और भारत के रिश्तों को एक तरह से नया आयाम दिया है। अच्छे और बेहतर पड़ोसी होने के नाते चीन का इस पर खुश होना स्वाभाविक था। चीन की ओर से आई प्रतिक्रिया भी जबरदस्त रही। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग का यह कहना कि चीनी ड्रैगन और भारतीय हाथी के सामंजस्यपूर्ण नृत?य की प्रतीक्षा चीन के उत्साह का ही वर्णन करता है।

अमेरिकी पाडकास्टर को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा, उसे देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा है, ₹भारत और चीन के बीच संबंध कोई नई बात नहीं है। दोनों देशों की संस्कृतियां और सभ्यताएं प्राचीन हैं। आधुनिक दुनिया में भी, वे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि आप ऐतिहासिक अभिलेखों को देखें, तो सदियों से भारत और चीन ने एक-दूसरे से सीखा है। साथ मिलकर, उन्होंने हमेशा किसी न किसी तरह से वैश्विक भलाई में योगदान दिया है।₹ प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी चीन और भारत के रिश्ते बेहतर बनाने की दिशा में पहला कदम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की रूसी शहर कजान में पिछले साल की मुलाकात के बाद भारत और चीन के रिश्ते लगातार बेहतरी की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भी भारत को लेकर अपनी बेहतर राय जाहिर की थी। जिसका भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्वागत किया था। इस कड़ी में भारतीय प्रधानमंत्री मोदी

की ताजा टिप्पणी ने एक तरह से भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को बेहतरी की ओर तेजी से बढ़ा दिया है। मोदी ने भारत-चीन के आपसी और गहरे रिश्तों और ऐतिहासिक संबंधों की भी इस पाडकास्ट में चर्चा की। वैसे चीन और भारत के रिश्तों की एक बड़ी और ऐतिहासिक कड़ी महात्मा गौतम बुद्ध हैं। यह ऐसी कड़ी है, जिसकी बुनियाद पर दोनों देशों के रिश्तों को और बेहतर बनाया जा सकता है।

भारत-चीन संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में नई दिल्ली यह समझाने की कोशिश करती रही है कि जब तक दोनों देशों के बीच का सीमा विवाद और उससे उपजा तनाव खत्म नहीं हो जाता, तब तक संबंध बेहतर नहीं हो सकते हैं। लेकिन चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने पिछले दिनों जब कहा कि एशिया की दोनों आर्थिक महाशक्तियों को अपने विवाद भुलाकर साथ आना चाहिए, तब से हालात बदलने लगे हैं। वैसे भी जिस तरह ट्रंप लगातार चीन को घेरने की कोशिश कर रहे हैं और आयात पर टैरिफ बढ़ाने की बात कर रहे हैं, उससे चीन ही नहीं भारत को परेशान कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप लगातार चीन और भारत से आयातित होने वाली चीजों पर टैरिफ बढ़ाने की बात कर रहे हैं। इसका निश्चित तौर पर दोनों देशों की आर्थिकी पर असर पड़ सकता है। अगर दोनों देश कम से कम आर्थिक मोर्चे पर साथ आने को तैयार दिखें तो अमेरिका की धमकियां और उसके कदम बेअसर साबित हो सकते हैं। वैसे दोनों देशों के कारोबारी रिश्ते जिस तरह बढ़ते रहे हैं, दोनों के बीच जारी सीमाई तनाव के बावजूद आपसी व्यापारिक संबंध मजबूत बने हुए हैं, वह बेहतर होते रिश्तों की ही कहानी कह रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और चीनी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया से जाहिर है कि दोनों देशों के बीच सद्भावना की नई इबारत लिखी जा रही है। अगर यह स्थिति और बेहतर होती है ति निश्चित है कि भारत में और अधिक चीनी निवेश का रास्ता खुल सकता है । जिसका फायदा भारत को तो मिलेगा ही, चीन को भी होगा। वैसे शंघाई सहयोग संगठन के साथ ही एशियाई विकास बैंक और ब्रिक्स जैसे संगठनों में नई दिल्ली और बीजिंग साथ-साथ काम कर ही रहे हैं। भारत आतंकवाद का मुकाबला करता रहा है, वह आतंकवाद का विरोधी भी है, लेकिन उसका मुकाबला करने के लिए बहुपक्षवादी वैचारिकी को बढ़ावा देने का वह विरोधी रही है। इस मामले में चीन की भी सोच कमोबेश वैसी ही है। इसलिए माना जा सकता है कि दोनों देश इन तथ्यों के आलोक में अपने रिश्तों को देखने लगे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी और चीनी विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया, इसी सोच का परिणाम नजर आती है।

पश्चिमी दुनिया के दिग्गज भी मानते हैं कि दोनों एशियाई दिग्गज देशों चीन और भारत के बीच स्थायी शांति के परिणाम दूरगामी होंगे। इससे कुछ हद तक वाशिंगटन चिंतित हो सकता है। लेकिन हाल के दिनों में भारत ने अमेरिका को लेकर जो संतुलित नीति अख्तियार की है, उससे उम्मीद है कि वाशिंगटन इस नई पहल की राह में बड़ी बाधा नहीं बन सकता। दोनों देशों के करोड़ों लोगों की आर्थिक स्थिति सुधारनी है, गरीबी का समूल नाश करना है और शांति और स्थायीत्व की दिशा में आगे बढ़ना है तो तय है कि दोनों देश विवादित मुद्दों को परे रखते हुए अपने आर्थिक और ऐतिहासिक रिश्तों को बेहतर बनाते हुए आगे बढ़ाते रहें। इससे एशिया की दुनिया और खूबसूरत हो सकती है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार

संपादकीय

चुनौतीपूर्ण वापसी

लंबे इंतजार के बाद आखिर, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर दो अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर वापिस आ गए। दोनों एस्ट्रोनॉट जून में केवल आठ दिनों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्टेशन पर गए थे मगर धरती पर वापस लाने वाले वाले यान के खराब होने के कारण नौ महीनों बाद वापसी संभव हुई। स्पेसएक्स एलन मस्क की कंपनी है, जिसका ड्रैगन कैप्सूल फ्लोरिडा के तटीय समुद्र में उन्हें लेकर सत्रह घंटों में सुरक्षित गिराया गया। नासा की लाइव तस्वीरों द्वारा दुनिया भर में बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों ने अंतरिक्ष यात्रियों को देखा। अंतरिक्ष में तकरीबन 286 दिन बिताने वाले इन यात्रियों ने प्रति दिन सोलह बार सूर्योदय और सूर्यास्त देखा। जांच के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। हालांकि वे कुछ समय के लिए रिकवरीशिप में रहेंगे। उसके बाद परिवार से मिलने की इजाजत दी जाएगी। फिर वे अपने अनुभव विशेषज्ञों से बांटेंगे और लंबी छुट्टी पर चले जाएंगे। अंतरिक्ष में रहने का वक्त अधिकतम छह माह माना गया है, मगर सुनीता और बुच को नौ माह रहना पड़ा जिसका शरीर पर गहरा असर होता है। गुरुत्वाकर्षण शून्य होने के कारण खून का प्रवाह प्रभावित होता है और हड्डियां/मांसपेशियां कमजोर होती जाती हैं। हालांकि यह धरती के वातावरण में आते ही प्राकृतिक रूप से सामान्य होता जाएगा। इसका मानसिक सेहत पर भी गहरा असर हो सकता है क्योंकि बार-बार यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने की उम्मीदें नाममात्र रहने ने इन्हें बुरी तरह अवश्य प्रभावित किया होगा। नासा ने बाताया कि इस दरम्यान विलियम्स ने 150 वैज्ञानिक प्रयोग किए और नौ सौ घंटे रिसर्च में बिताए जो अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं। अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली अंतरिक्ष यात्री रहीं विलियम्स अपनी तीन अंतरिक्ष यात्राओं के दौरान बासठ घंटों से ज्यादा का स्पेस वॉक कर चुकी हैं। उनके पिता भारतीय हैं, इसलिए सुनीता के सुरक्षित लौटने को लेकर भारतवासी चिंतित थे। उन्होंने विभिन्न धार्मिक आयोजन किए। अंतरिक्ष में समोसे और गीता-उपनिषद ले जाने की बात कर विलियम्स ने भारतीयों में और भी अपनायित पैदा कर दी थी। इसका बड़ा श्रेय तो मस्क को ही जाता है। हालांकि उन्होंने इसे अमेरिकी चुनावों में राजनीतिक जंग के तौर पर इस्तेमाल किया था। बहरहाल, अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी ने दुनिया भर में मुस्कुराहट फैलाने का काम किया है।

चिंतन-मनन

धर्म क्या है?

धर्म के मुख्यतः दो आयाम हैं। एक है संस्कृति, जिसका संबंध बाहर से है। दूसरा है अध्यात्म, जिसका संबंध भीतर से है। धर्म का तत्व भीतर है, मत बाहर है। तत्व और मत दोनों का जोड़ धर्म है। तत्व के आधार पर मत का निर्धारण हो, तो धर्म की सही दिशा होती है। मत के आधार पर तत्व का निर्धारण हो, तो बात कुरूप हो जाती है।

एक संत आता है। भीतर की गुफा में जाकर धर्म के तत्व अध्यात्म को जानता है। फिर वह चला जाता है। फिर मत बचा रहता है। उसके आधार पर एक संस्कृति विकसित होती है। संस्कृति के फूल खिलते हैं। काल प्रम में संस्कृति मुख्य हो जाती है। अध्यात्म गौण हो जाता है। और फिर एक संत को, एक जीवित संत को इस धरती पर आना पड़ता है। फिर से अंगारे जलाने होते हैं। फिर से दीप जलाना होता है।

जो दीप कभी जला था, उसके आधार पर जो गीत रह गए थे, वे पुराने पड़ जाते हैं। फिर से एक नया दीपक जलता है। नई रोशनी आती है। नया गीत फूटता है। नई नदी बहती है। सब कुछ नूतन हो जाता है। तो कहूँगा कि तुम जानो या न जानो, तुम सब धर्म के मार्ग पर ही हो। कोई व्यक्ति ऐसा नहीं हैं, जो धर्म के मार्ग पर नहीं है।

यह और बात है कि उसे पता है, या नहीं पता है। लेकिन धर्म का तत्व क्या है? धर्म का उद्गम क्या है? कहाँ पहुँचना है हमें? गंतव्य कहाँ है? उस बात को बताने के लिए ही संत इस धरती पर आता है। स्वामी विवेकानंद जी भी आए। और ये याद दिलाने के लिए आता है संत कि तुम कौन हो? अमृतस्य पुत्रा?। तुम राम-कृष्ण की संतान हो। तुम कबीर और गुरुनानक की संतान हो। तुम बुद्ध और महावीर की संतान हो। तुम क्यों दीन-हीन और दरिद्र जैसा जीवन जी रहे हो? क्यों अशांत हो, क्यों दुःखी हो? अपना स्वरूप हम भूल गए हैं। करीब-करीब ऐसे ही हम जीवन जीते हैं अपने वास्तविक स्वरूप को भूलकर।

इस जीवन की कितनी गरिमा है। इस जीवन की कितनी क्षमता है। अनंत आनन्द का खजाना, जो हमारे भीतर है, उसकी ओर हम पीठ करके जीते हैं। महर्षि नारद की तरह फिर कोई संत आता है हमारे बीच। कभी बुद्ध, कभी महावीर, कभी कृष्ण, कभी राम, कभी गुरुनानक, कभी गुरु अर्जुनदेव, कभी दादू, कभी दरिया, कभी रैदास, कभी मीरा, कभी सहजो, कभी दया बनकर आता है और हमसे कहता हैं कि चलो! उस मानसरोवर को चलो, जहाँ से तुम आए हो।

विश्व कठपुतली दिवस : अपनी पहचान खोती कठपुतलिया

रमेश सर्राफ धमोरा

कठपुतली न केवल एक औपचारिक रचना, एक रंगमंच की भाषा या एक कला वस्तु है। बल्कि यह एक ऐसी आकृति भी है, जिसने लगभग सभी संस्कृतियों में जीवन और मृत्यु की उत्पत्ति, दृश्य और अदृश्य के बीच के संबंध, तथा आत्मा और पदार्थ के बीच के संबंध जैसे प्रश्नों को मूर्त रूप दिया है। कठपुतली विश्व के प्राचीनतम रंगमंच पर खेला जाने वाले मनोरंजक कार्यक्रमो में से एक है। कठपुतलियों को विभिन्न प्रकार की गुड्डे-गुड़ियों, जोकर, राजदरबारों आदि पात्रों के रूप में बनाया जाता है। कठपुतली को लकड़ी अर्थात काष्ठ से बनाया जाता था। इस प्रकार काष्ठ से बनी पुतली का नाम कठपुतली पड़ा।

कठपुतलियों का इतिहास बहुत पुराना है। ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में पाणिनी की अष्टाध्यायी के नटसूत्र में पुतला नाटक का उल्लेख मिलता है। कुछ लोग कठपुतली के जन्म को लेकर पौराणिक आख्यान का जिक्र करते हैं कि शिवजी ने काठ की मूर्ति में प्रवेश कर पार्वती का मन बहलाकर इस कला की शुरूआत की थी। सतवर्द्धन काल में भारत से पूर्वी एशिया के देशो इंडोनेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, जावा, श्रीलंका आदि में इसका विस्तार हुआ। आज यह कला चीन, रूस, रूमानिया, इंग्लैंड, चेकोस्लोवाकिया, अमेरिका व जापान आदि अनेक देशों में पहुंच चुकी है। इन देशों में इस विधा का सम-सामयिक प्रयोग कर इसे बहुआयामी रूप प्रदान किया गया है। वहां कठपुतली को मनोरंजन के अलावा शिक्षा, विज्ञापन आदि अनेक क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा रहा है।

हम हर साल 21 मार्च को विश्व कठपुतली दिवस मनाते हैं। इस दिन का उद्देश्य कठपुतली को वैश्विक कला के रूप में मान्यता देना है। यह दुनिया भर के कठपुतली कलाकारों को का सम्मान करने का एक प्रयास है।एक समय था जब कठपुतली को सिर्फ मनोरंजन का माध्यम समझा जाता था। लेकिन आज कठपुतली कला मनोरंजन के साथ ही लोगों को जागरुक भी कर रही है। प्राचीनकाल से ही जादू टोनों एवं कुदरती प्रकोपों से बचने के लिए मानव जीवन में पुतलों का प्रयोग होता रहा है। भारत में ही नहीं बल्कि अन्यत्र भी काष्ठ, मिट्टी व पाषाण से निर्मित ये पुतले जातीय एवं पारिवारिक देवताओं के रूप में प्रतिष्ठित होते रहे हैं।

भारतीय कठपुतलियों की प्राचीनता के सम्बन्ध में पौराणिक ग्रन्थों में उल्लेख मिलता हैं। महाभारत में अर्जुन द्वारा ब्रहन्नला को कठपुतलियों का खेल सिखाने का उल्लेख है। महाभारत में रूपजीवन शब्द का भी काफी प्रयोग हुआ है और वह भी पुतलियों के खेल-तमाशों के संदर्भ में। पंचतंत्र नामक ग्रन्थ में ऐसी कठपुतलियों का जिक्र है। जो लकड़ी की खूटियों के सहारे नाना प्रकार के मानवी करतब दिखलाती थी। विक्रमादित्य के समय सिंहासन बतीसी नामक एक ऐसा सिंहासन था जो दिन में सम्राट के बैठने के काम आता था और रात को उसकी बतीस कठपुतलियां विभिन्न प्रकार से रागरंग कार्यक्रम कर सम्राट को रिझाती थी। राजस्थान की स्ट्रिंग कठपुतलियां दुनिया भर में मशहूर हैं। इसके अलावा उड़ीसा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भी कठपुतलियों की यही कला प्रचलित है।

राजस्थानी कठपुतलियों का ओवल चेहरा, बड़ी आंखें, धनुषाकार भौंहें और बड़े होंठ इन्हें अलग पहचान देते हैं। 5-8 स्ट्रिंग्स से बंधी ये कठपुतलियां राजस्थानी संगीत के साथ नाटक पेश करती हैं। राजस्थान में कठपुतलियों का प्रचलन काफी समय से हो रहा है। यहां कठपुतलियां नटों तथा भाटों द्वारा प्रयुक्त होती है। ये नट नाटक भी करते थे, नाचते भी थे एवं विभिन्न प्रकार के शारीरिक करतब भी दिखलाते थे। यह रस्सियों पर भी चलते थे ओर कठपुतलियां भी नचाते थे। नट जाति में प्रचलित एक किवदंती के आधार पर ब्रह्मा के वरदान से एक आदि नट की उत्पत्ति हुई थी। इन नटों के पूर्वज ही विक्रमादित्य के समय में 'सिंहासन बतीसी' नामक कठपुतली नाटक के सर्जक थे। भारत की पुरातन संस्कृति का केन्द्रस्थल उत्तर भारत का राजस्थान एवं सिंध क्षेत्र रह चुका है।

राजस्थान में कठपुलियों का खेल दिखाने का मंच बहुत ही सादा होता है। गांव में कठपुतली का खेल दिखाने हेतु दो खाट खड़ी कर उसको ऊपर-नीचे से बांसों से जकडकर मंच की शक्ल दे दी जाती है। आगे की तरफ बारादरीनुमा 'ताजमहल' नामक पर्दा लगा दिया जाता है। पृष्ठ भूमि में एक रंगीन काली चादर लगा दी जाती है जिसके पीछे से ये कठपुतलियों का संचालन करते हैं। इनकी कठपुतलियों का आकार लगभग डेढ़ फुट का होता है। इन कठपुतलियों की वेशभूषा पारम्परिक राजस्थानी होती है।

राजस्थान के नट जो पहले राजा-महाराजाओं के दरबारों की शोभा बढ़ाते थे। धीरे-धीरे सामाजिक एवं आर्थिक कारण से पिछड़ते चले गये और छोटी-छोटी जातियों के याचक बन गये। जिन राजाओं तथा विशिष्टजनों ने उन्हें प्रोत्साहन एवं संरक्षण प्रदान किया उन्हीं की जीवन-गाथायें इनकी पुतलियों का विषय बन गयी। जैसे विक्रमादित्य के काल की 'सिंहासन बतीसी', पृथ्वीराज चैहान के समय की 'पृथ्वीराज संयोगिता व अमरसिंह राठौड़' का खेल प्रमुख थी। घोर परम्परा एवं जातीय बन्धनों में बंधे हुये ये भाट आज भी अपनी पुतलियों में संशोधन आदि का सुझाव नहीं मानते हैं।राजस्थान में आज इस जाति के लगभग सोलह हजार भाट मौजूद हैं। जिनमें से आठ हजार आज भी कठपुतलियां नचाने का काम करते हैं। कुछ खेती बाड़ी के धन्धे में भी लगे हुये हैं तो कुछ ने नाच गाने को अपना पेशा बना लिया है। कुछ अपने यजमानों के घर व शादी विवाह के अवसर पर ढोल बजाकर याचक का काम करते हैं।

तीन सौ वर्षों से निरन्तर प्रचलन में होने से राजस्थानी कठपुतलियों का मूल नाटक बिल्कुल ही विकृत हो गया है। अब तो दर्शक संचालन शैली तथा नाट्य-विधि के कारण ही कठपुतली का खेल देखते हैं। आज भी राजस्थानी कठपुतलियों में दर्शकों को बांधने की ताकत देखने का मिलती है जो कदाचित अन्य किसी में नहीं है। कठपुतली संचालक द्वारा अपने मुंह से ही सीटीनुमा आवाज निकालकर भाव व्यक्त किया जाता है। आजकल कठपुतली निर्माण कार्य कठपुतली संचालक स्वयं ही करता है क्योंकि पारम्परिक कठपुतली निमार्ता बढ़ई बहुत कम संख्या में रह गये हैं। इन कठपुतलियों को भाट बड़े आदर-भाव से देखते हैं। आज भी इनकी पारम्परिक कठपुतलियों के लंहगों की अनेक परतें इनकी पुरातन प्रियता की द्योतक है। कठपुतलियों के मुंह निर्मित होते हैं तथा अन्य सब अंग रूई व कपड़ों से बनाये जाते हैं। प्रयोग में नहीं आने वाली कठपुतलियों को ये लोग फेंकते नहीं बल्कि आदर पूर्वक जल में प्रवाहित करते हैं।

राजस्थानी कठपुतलियों में चेहरे का आकार शरीर से बड़ा, आंखें काफी बड़ी, वक्षस्थल अत्यन्त लघु एवं उभरा हुआ तथा पांवों का न होना इनकी अपनी विशेषता है। इससे कठपुतलियों का संचालन अत्यन्त सजीव बन जाता है। कठपुतलियों के खेल दिखाने वाले दल में दो या तीन व्यक्ति होते हैं। औरतें ढालक बजाती हैं व मर्द कठपुतलियां चलाते हैं। इनके दोनों हाथ मशीन की तरह चलते हैं। सीटी द्वारा उत्पन्न विविध ध्वनियां, वाचन के साथ पैर से पैदा की गयी आवाजें तथा ढोलक की विचित्र थापें समस्त नाटक को प्राणवान बना देती हैं।

धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्सः एक ऐतिहासिक वापसी

डॉ सत्यवान सौरभ

सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं।

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की धरती पर सुरक्षित वापसी एक बड़ी वैज्ञानिक उपलब्धि मानी जा रही है। वे जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर मिशन के तहत अंतरिक्ष गए थे, लेकिन तकनीकी खामियों के चलते उनकी वापसी में नौ महीने की देरी हुई। इस कारण वे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (क्रर) पर लंबे समय तक रुके रहे। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण था, बल्कि अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी सहायक होगा। उनकी सुरक्षित वापसी से भविष्य में अंतरिक्ष अभियानों के लिए नई संभावनाएँ खुलेंगी। इससे नासा और बोइंग को स्टारलाइनर की खामियों को सुधारने का मौका मिलेगा। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है।

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (क्रर) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक क्रर पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिसने सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। वापसी के बाद, दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद सामान्य प्रक्रिया है। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा।

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो (क्रफ्ह) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान, की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफर यह दशार्ता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है।

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुनीता विलियम्स न केवल भारतीय मूल के लोगों के लिए गर्व का विषय हैं, बल्कि पूरे विश्व के लिए प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Why the stock markets are in turmoil across the world

